दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com | बिलासपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2020, चैत्र पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-05 अंक-352 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना ने माननीयों के वेतन में कैंची चला दी। एक साल के लिए सांसदों की सैलरी में 30 प्रतिशत की कटौती की गई है। दो साल की सांसद निधि भी निलंबित की गई है। कायदे से देश के सभी विधायकों और पार्षदों के मानदेय में भी 30 प्रतिशत की कटौती की जानी चाहिए और उनकी भी विधायक व पार्षद निधि रोकी जानी चाहिए। कोरोना बहुत बड़ा संकट है। इससे निपटने के लिए जन प्रतिनिधियों को अग्रणी भूमिका निभानी होगी। अपने पूरे पांच साल की निधि सरकारी खजाने में जमा करानी चाहिए। विकास आज नहीं तो कल हो जाएगा लेकिन जिदंगी नहीं मिलेगी दोबारा।

लॉकडाउन बढ़ाने पर हो सकता है फैसला

■ **कुछ राज्यों द्वारा केंद्र को लॉकडाउन बढ़ाने का सुझाव**

नई दिल्ली/ए। देश में लागू लॉकडाउन 14 अप्रैल को खत्म होगा या बढ़ेगा इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। इस बीच खबर है कि कोरोना वायरस के कारण देश में जारी 21 दिन का लॉकडाउन बढ़ाया जा सकता है। सरकार के शीर्ष सूत्रों का कहना है कि कई राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से लॉकडाउन बढ़ाने की अपील की है। केंद्र सरकार राज्यों और विशेषज्ञों की सलाह पर विचार कर रही है। साथ ही कहा गया है कि लॉकडाउन को अनिश्चित काल तक जारी नहीं रखा जा सकता है क्योंकि इससे छोटे व्यवसायी, शॉप कीपर्स, स्ट्रीट वेंडर्स का काफी नुकसान हो चुका है और अब वे लोग और नुकसान सहन नही कर पाएंगे। सूत्रों ने बताया है कि कई सारे राज्यों और विशेषज्ञों ने केंद्र सरकार से देश में जारी लॉकडाउन को बढ़ाने की अपील की है।

ये चर्चाएं भी रहीं सुर्खियों में

ऐसी चर्चा भी आई कि केंद्र सरकार उन इलाकों से लॉकडाउन हटा सकती है जो कोरोना के हॉटस्पॉट नहीं हैं। इस बीच, ऐसी भी खबरें भी आई थीं कि तेलंगाना सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्रियों की बैठक में लॉकडाउन को 3 जून तक बढ़ाने का आग्रह किया था। हालांकि बाद में तेलंगाना सरकार ने इसका खंडन कर दिया था।

25 मार्च से चल रहा

देश में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने 25 मार्च से देश में 21 दिन का लॉकडाउन घोषित कर दिया था। यह 14 अप्रैल को खत्म हो रहा है। कुछ दिन पहले इससे पहले कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा ने ट्वीट कर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम ने किया 'डोनेशन ऑन व्हील्स अभियान' का शुभारंभ

जरूरतमंदों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं राशन सामग्री के 500 पैकेट और 11 हजार रूपए की सहायता राशि दी

नवप्रदेश संवाददाता

लॉकडाउन में जरूरतमंदों की सहायता के लिए जिला प्रशासन की सराहनीय पहल : भूपेश बघेल

■ **अभियान में दानदाताओं के सहयोग से जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचायी जाएगी राशन सामग्री**

■ **राशन सामग्री के पैकेट एकत्र करने मोहल्लों और कालोनियों में भेजे जाएंगे वाहन**

रायपुर। कोरोना की रोकथाम के लिए लागू लॉक डाउन की वजह से दैनिक रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों को राहत पहुंचाने रायपुर जिला प्रशासन द्वारा राशन सामग्री प्रदान की जा रही है। जरूरतमंदों की सहायता के इच्छुक दानदाता राशन सामग्री का पैकेट तैयार कर उसे जिला प्रशासन को उपलब्ध करा सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा लोगों से राशन सामग्री के पैकेट एकत्र करने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स अभियान प्रारंभ किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को अपने निवास परिसर से इस अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं जरूरतमंदों की सहायता के लिए राशन सामग्री के 500 पैकेट और 11 हजार रूपए की सहायता राशि जिला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मलेरिया की दवा ने बढ़ाया सियासी पारा

भारत ने नहीं दी दवा तो करेंगे कार्रवाई: ट्रंप
पहले देश के बारे में सोचे सरकार : विपक्ष

नई दिल्ली ए.। कोरोना को कंट्रोल करने के लिए अमेरिका, भारत से मलेरिया की दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन मांग रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो यह तक कह दिया है कि यदि भारत ने अमेरिका को हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन का निर्यात नहीं किया तो भारत पर कार्रवाई की जाएगी। भारत-अमेरिका के बीच चल रहे इस विवाद के बीच देश में इस पर राजनीति भी शुरू हो गई। विपक्षी नेताओं ने इसका निर्यात करने से पहले देश की सोचने की हिदायत दी है। कांग्रेस नेता ने यहां तक कहा कि मोदी ट्रंप से डरकर बैन हटा रहे हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने पहले ही साफकहा है कि अपनी जरूरत पूरी करने के

बाद भी भारत इसका निर्यात करेगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मलेरिया की दवा को लेकर आए डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर कहा कि सरकार दूसरे देशों की मदद करे, लेकिन भारत के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दोस्ती का मतलब जवाबी कार्रवाई नहीं : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने ट्रंप पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि दोस्ती का मतलब जवाबी कार्रवाई नहीं होता है। राहुल ने ट्वीट किया, 'दोस्ती में जवाबी करवाई नहीं होती। भारत को जरूरत के इस समय में सभी देशों की मदद करनी चाहिए, लेकिन जीवनरक्षक दवाएं भारतीय नागरिकों के लिए उचित मात्रा में पहले उपलब्ध होनी चाहिए।' कांग्रेस ने ट्वीट किया है कि शर्तों के साथ दोस्ती मतलब कोई दोस्ती है ही नहीं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिका समेत 20 देशों से डिमांड: विदेश मंत्रालय

विदश मंत्रालय ने कहा कि ऐसे कठिन परिस्थिति में किसी तरह के अनर्गल विवाद को खड़ा नहीं किया जाना चाहिए। भारत के पास अमेरिका समेत 20 देशों से इस दवा की डिमांड है। इसमें श्रीलंका और नेपाल भी शामिल है। पहले भारत ने 25 मार्च को यह फैसला किया था कि फिलहाल हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन का एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा क्योंकि इससे कोरोना वायरस से निपटने में मदद मिल सकती है। भारत इस दवाई की गोली का सबसे बड़ा निर्यातक है। इससे पहले रविवार को ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर अपील ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब शराब के लिए 14 अप्रैल तक इंतजार

■ **कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए फैसला**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मदिरा प्रेमियों को अपना गला तर करने के लिए अभी और इंतजार करना होगा। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लगाए गए लॉकडाउन के मद्देनजर अब राज्य की मदिरा दुकानें 14 अप्रैल तक नहीं खुलेंगी। इस संबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के मुताबिक कोरोना संक्रमण से रोकथाम संबंधी उपायों के तहत अब राज्य की मदिरा दुकानें 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बंद रहेंगी। जबकि इस संबंध में पहले जारी आदेश में कहा गया था कि मदिरा दुकानें 7 अप्रैल तक ही बंद रहेंगी। नए आदेश के मुताबिक, 14 अप्रैल तक राज्य की सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन के सभी भंडार (रायपुर/ बिलासपुर) तथा जिलों में स्थित मदिरा भंडागारों को बंद रखा जाएगा। इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

खास खबर

क्रिश्चियन मिशेल की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली (वार्ता)। हजारों करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलिकॉप्टर घोटाला मामले में दलाली के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल की कोराना वायरस के मद्देनजर दायर अंतरिम जमानत याचिका मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी। न्यायालय ने मिशेल की याचिका पर सुनवायी के बाद सोमवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था। मिशेल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के मामलों में यह याचिका दायर की थी।

अनुराग श्रीवास्तव बने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

नई दिल्ली/नवप्रदेश। भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। भारतीय विदेश सेवा के 1999 बैच के अधिकारी श्रीवास्तव ने रवीश कुमार का स्थान ग्रहण किया है जिन्हें ऑस्ट्रिया में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। उन्होंने ट्वीट करके कहा, 'भारत के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता के तौर पर प्रभार संभालकर सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

कोरोना: विश्व में 74136 की मौत

13.45 लाख संक्रमित

बीजिंग/ जेनेवा/ नई दिल्ली (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब विश्व के अधिकतर देशों (205 देशों और क्षेत्रों) में फैल चुके इस संक्रमण के कारण अब तक 74136 लोगों की मौत हो गयी है तथा 1345077 लाख लोग इससे संक्रमित हुए हैं। विश्व भर में अब तक 2.76 लाख लोग इस वायरस से ठीक भी हुए हैं। कोरोना वायरस से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित यूरोपीय देश इटली में इस महामारी के कारण सबसे अधिक 16,523 लोगों की मौत हुई है और अब तक 132547 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। इस संक्रमण से दुनिया भर में सबसे अधिक लोगों की मृत्यु इटली में ही हुई है।

देश में 4421 संक्रमित 117 लोगों की गई जान

***नई दिल्ली (वार्ता)।** देश में सोमवार शाम से अब तक कोरोना वायरस (कोविड-19) के 354 नये मामले सामने आने के बाद इस संक्रमण के पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 4421 हो गई है। अब तक कुल 117 लोगों की मौत हुई हैं और इनमें कल हुई आठ मौतें भी शामिल हैं तथा अब तक कोरोना वायरस के 326 मरीज स्वस्थ हो गये हैं जिन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता एवं संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 354 नये मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 4421 हो गई है। अब तक कुल 117 लोगों की मौत हुई है।*

कोरोना से निपटने में लगाएं परियोजनाओं की निधि

■ **कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिख कहा**

नई दिल्ली/वार्ता। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कोरोना महामारी से लड़ने के लिए सांसदों का वेतन 30 प्रतिशत कम करने के सरकार के निर्णय का समर्थन किया है। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में यह भी कहा है कि विलासता की परियोजनाओं को रोककर उस निधि का इस्तेमाल कोरोना से लड़ने के लिए किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री केयर्स निधि की राशि को प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में स्थानांतरित करने का अनुरोध भी किया गया है। सोनिया गांधी ने कहा है कि इस महामारी के विरुद्ध जंग में बहुत पैसे की जरूरत होगी इसलिए सरकारी विज्ञापनों तथा खर्चो में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मीटर रीडिंग, स्पॉट बिलिंग का काम 14 अप्रैल तक बंद

■ **निम्नदाब उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत**

रायपुर (नव प्रदेश)। निम्नदाब बिजली उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग, स्पाट बिलिंग एवं सभी ऑफलाइन बिजली बिल नकद संग्रहण केंद्रों को 14 अप्रैल तक बंद रखने का निर्णय लिया गया है। कोरोना नियंत्रण के लिए लागू लॉकडाउन के मद्देनजर विद्युत उपभोक्ताओं की असुविधा न हो, यह ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। इससे पूर्व इसे 7 अप्रैल 2020 तक बंद रखने का निर्णय लिया गया था। राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार 21 दिन के लॉक डाउन पीरियड को देखते हुए निम्नदाब उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग,स्पाट बिलिंग एवं नकद संग्रहण केंद्रों पर भुगतान कार्य को अब 14 अप्रैल तक तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

लॉकडाउन › **अन्य व्यवसाय नहीं चलने से दो जून की रोटी का संकट**

नाई, धोबी और मोची बेच रहे हैं सब्जी

■ **जीवन यापन के लिए पारंपरिक व्यवसायों से दूर होते जा रहे लोग**

नई दिल्ली/(वार्ता)। कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रकोप ने नाई, धोबी, मोची और हलवाई जैसे हुनर के कई उस्तादों को जीवन यापन करने के लिए सब्जी बेचने का काम करने पर मजबूर कर दिया है। कोरोना के मद्देनजर देशभर में लॉकडाउन लागू होने के कारण नाई, धोबी, मोची और हलवाई का काम बंद हो गया है जिसके कारण उनके परिवार के समक्ष दो वक्त की रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उस्तरा चलाने पर संतुलन साधने में माहिर हाथ, कपड़े पर इस्त्री के समय सजग दिमाग, तेज और नुकीले औजार से अपनी कला को नया स्वरूप देने वाले तथा अनुभवी हाथों से लजीज व्यंजन तैयार करने वाले लोग इन दिनों सब्जी का ठेला ठेल रहे हैं।

नाई ने कहा- दाढ़ी बनाने घर से नहीं निकल रहे लोग

राष्ट्रीय राजधानी में आज कल ठेला पर सब्जी बेचने वाले एक नाई ने बताया कि वह शहर के चौक चौराहों पर कुर्सी नहीं लगा पा रहा है। नाईयों का कहना है कि दाढ़ी बनाना और बाल काटना एक निरंतर प्रक्रिया है लेकिन सख्ती के कारण लोगों ने इसके लिए घरों से निकलना बंद कर दिया है। नाई का मानना है कि सब्जी का व्यवसाय कम पूंजी में हो जाता है और इसे घूम घूम कर बेचने में सख्ती भी नहीं है जिससे परिवार चलाने लायक कमाई हो जाती है।

मोची ने कहा- पॉलिश बंद, साझेदारी में बेच रहे सब्जी

सब्जी बेच रहे एक मोची ने बताया कि दफ्तर और परिवहन के साधनों के बंद होने से लोग घर के बाहर कम निकल रहे हैं जिससे पॉलिश का काम बंद हो गया है। वैसे भी सड़क किनारे बैठने पर रोक के कारण वह अपने दोस्त के साथ साझेदारी में सब्जी बेच रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

कोरोना संक्रमण के बचाव में स्काउट गाइड रोवर अग्रणी

कांकेर। भारत स्काउट एवं गाइड प्रवीण चंद्र भंजदेव रोवर ओपन ग्रुप एवं स्काउटर गाइडर कोरोना के संक्रमण को फैलने से रोकने हेतु अपनी महती भूमिका अदा कर रहे हैं जिला संगठन आयुक्त वाजिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि विनोद सेवन लाल चंद्राकर राज्य मुख्य आयुक्त छत्तीसगढ़ के दिशा निर्देश में एवं माननीय कलेक्टर के संरक्षण में कांकेर जिले के विभिन्न ब्लाक के ग्राम स्तर पर किस संक्रमण के बचाव हेतु राशन दुकान बाजार विभिन्न चौक चौराहा किराना दुकानो मे पोस्टर के माध्यम से दूरी बनाए रखने मास्क लगाने हेतु जागरूकता का आयोजन कर रही है साथ ही घरों में मास्क बनाकर निशुल्क वितरण भी किया जा रहा है।

स्वास्थ्य की चिंता न कर डोर-टू-डोर सफाई में जुटी है सफाई दीदी

सक्ती। नगर पालिका के डोर टू डोर कचरा लेने वाले सफाई दीदी ने जब से षासन ने घर से सूखा एवं गीला कचरा लेने लिये रिक्षा के द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड से

कचरा लेने के लिये घर के बाहर खडे होकर सीटी बजाकर कचरा जब तक घर वाले लाकर नही देते तब तक द्वार पर ही खडे रहते है और कचरा लेने के बाद आगे बढ़ते है जब से षासन ने कचरा डोर टू डोर बारो माह सुबह नगर में घुम-घुमकर कचरा इकठ्ठा करती है बारो माह चाहे वह बरसात हो, ठंडी हो या गर्मी हो अपनी कचरा गाडी लेकर नगर के प्रत्येक वार्ड 1 से 18 वार्डो में निकल पड़ती है प्रत्येक वार्ड में एक रिक्षा गाडी में सफाई दीदी 2 रहती है । जहां एक ओर पूरे भारत में लॉकडाउन है वही सफाई दीदी द्वारा जान जोखिम में डालकर एवं कोरोना वायरस की चिंता न करते हुये कचरा लेने के लिये सुबह से ही निकल पड़ते है । दिल बाई डेंसिल ने बताया कि सफाई दीदी द्वारा डोर टू डोर कचरा इकट्ठा करने के बाद एस.एल.आर.सेंटर वार्ड नं. 4 एवं 14 में स्थित है जहां पर गिला एवं सूखा कचरा को इकट्ठा कर छटाई करते है ।

सब्जी खरीदने वाले ग्राहकों के लिये उचित व्यवस्था की गई

सक्ती। कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन में नागरिकों को सब्जी खरीदने के लिये कोई परेषानी न हो इसलिये प्रषासन द्वारा प्रतिदिन संध्याकालीन सब्जी मार्केट जो हटरी में लगता था वहां जगह कम एवं भीड ज्यादा होने के वजह से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ.सुभाश राज एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस षोभराज अग्रवाल, नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान एवं थाना प्रभारी मनीश परिहार, तहसीलदार षिव कुमार डनसेना एवं राजस्व तथा नगर पालिका के कर्मचारियों ने हटरी के जगह दीनदयाल स्टेडियम में प्रत्येक सब्जी व्यवसायी को चूना की लाईन खीचकर एवं सब्जी खरीदने वाले ग्राहकों के लिये उचित व्यवस्था की है समय सब्जी बेचने का समय दोपहर 3 से 6 बजे की थी परंतु खरीदने जाने वाले मोटर सायकल एवं साईकिल से ही ग्राउंड अंदर चले जाते थे जिसके चलते अव्यवस्था हो जाती थी जिस पर षासन ने गेट में ताला लगा दिया सिर्फ पैदल ही सब्जी खरीदने के लिये जाय ।

भारी पड़ा कोरोना के खिलाफ जश्न में फटाखा फोड़ना , परिवार के 4 लोग के साथ गर्भवती महिला भी झुलस गई

बिलासपुर । एक दिन पहले कोरोना के खिलाफ राष्ट्रीय एकता का परिचय देना दो परिवार के चार सदस्यों को भारी पड़ गया है। पथरिया में दो परिवार के चार सदस्य आतिशबाजी करते गंभीर रूप से जल गए हैं। झुलसे लोगों में एक गर्भवती महिला भी शामिल है। जिसकी हालत काफी गम्भीर बनी हुई है। झुलसने वालों में एक बजुर्ग और दो बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार घटना मुंगेली जिले के पथरिया स्थित डिघोरा गांव की है। दोनों परिवार के सदस्य एक दिन पहले यानि पांच अप्रैल की शाम लाइट बन्द कर देश के अन्य हिस्सों की तरह कोरोना वायरस के खिलाफ आतिशबाजी कर जश्न मनाने लगे। झुलसने वालों में एक महिला समेत एक बुजुर्ग और दो बच्चे शामिल हैं। महिला तीन से चार महीने की गर्भ से है। वह बुरी तरह से झुलस चुकी है। और कमजोर भी है। बहरहाल दोनों परिवार के चारो सदस्यों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डाक्टरों ने बताया कि महिला के अलावा बुजुर्ग की भी हालत ठीक नही है।24 घंटे बाद ही वास्तविक स्थिति की जानकारी बता पाएंगे।

गर्मी में पानी की व्यवस्था के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

बिलासपुर । ग्रीष्म काल के दौरान पेयजल व्यवस्था के त्वरित एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला एवं उप-खण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष के प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री पी.एस. कतलम (मोबाईल नंबर 9406118855 और सहायक मानचित्रकार नरेन्द्र पिपलखरे मोबाईल नंबर 9131848310 बनाये गये हैं।

पूरी सादगी से मनाई गई महावीर जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। वैश्विक महामारी ने सभी समुदाय के लोगो को घरो में कैद कर अपने त्यौवहार मनाने को मजबूर कर दिया है। जिसका हालिया उदाहरण हिन्दुओ की नवरात्रि से लेकर कर जैन समाज के महावीर स्वामी की जयंती में देखने को मिला जहां लोगो द्वारा घरो में रहकर ही पूजा अर्चना की गई है।

कोविड 19 के चलते जहां मंदिरों, मस्जिदों, गरुद्वारो, और गिरजाघरों में आने जाने पर प्रशासन द्वारा जो रोक लगाई गई है, जिसके चलते पिछले दिनों जहा आस्था के पर्व नवरात्रि में श्रदालुओं के मंदिर प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी, वही कल जैन समाज द्वारा भी भगवान महावीर जयंती बड़े ही शांति पूर्ण और सादगी से मनाया गया है,, जहा जैन समाज के लोगो ने प्रशासन द्वारा निर्धारित सोशल डिस्टेंसिग का पालन करते हुए पुजा अर्चना कर गरीब और निसहाय लोगो को



अन्न वितरण कर अपने त्यौहार को मनाया है, वही कल आने वाली हनुमान जयंती पर भी कोविड 19 की छाया पड़ी हुई है।

जहां पूरे देश मे लाकडाउन और धारा 144 के चलते लोग घरों में रहने को मजबूर हैं ताकि कोरोना संक्रमण के खतरे को टाला जा सके वही मार्च माह में नवरात्रि और अप्रैल में महावीर जयंती के साथ साथ कल हनुमान जयंती का भी त्यौहार है, जिसमें नगर के हनुमान मन्दिरो में साफ सफाई का दौर शुरू होगया है वही नागरिकों द्वारा इस बात पर ध्यान दिया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमो का उल्लंघन न हो,, गौरतलब हो कि वाले 10 अप्रैल को क्रिश्चयन समुदाय का गुड़ फ्राई डे भी है।

नगर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित क्रांति कुमार मिश्र ने बताया कि देश इस वर्ष वैश्विक महामारी का दंश झेल रहा है और देश में धारा 144 लागू है, प्रशासन भी बार बार सोशल डिस्टेंसिग की अपील कर रहा है जिसके कारण इस बार हनुमान मंदिर में भंडारा, हवन का आयोजन नही किया जाएगा,, शनिवार से इस महामारी की शांति और लोगो की सुरक्षा के लिये 2 पंडितों द्वारा सवालाख मंत्रो का जाप किया जा रहा है इसके साथ ही प्रतिदिन 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ चल रहा है,, पंडित श्री मिश्र ने बताया कि लोग अपने घरों पर ही रह कर कल हनुमान जयंती में पूजा पाठ करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा भेजे गये कोविड 19 के 151 सैंपल लंबित, लैब से आये 89 मेडिकल रिपार्ट नेगिटिव

बिलासपुर । स्वास्थ्य विभाग जिले में हाई अलर्ट है अब तक कुल 1 हजार 51 लोगों ट्रेस किया गया , 241 सैम्पल जांच के लिए लैब भेजे गए है जिसमे 89 निगेटिव पाये गए अभी 151 सैम्पल आना बाकी है ।

ज्ञात हो कि बिलासपुर जिले में साउदी सेलौटी महिला में कोरोना पॉजिटिव पाये जाने के बाद स्वाथ्य विभाग हाई अलर्ट नज़र आ रहा है , टीम निरंतर घरों में दस्तखत देकर

कोविड 19 से बचने की सलाह देने के साथ मकानों को सेनेटाइज़ कर रही है इसके आलाव जो अन्य राज्यों यथा दूसरे देश से आये हुए नागरिकों की तस्दीक भी कर रहे है । वही रोजाना जांच करने वालों की सूची तैयार कर मुख्यायल में इसकी जानकारी दे रहे हैं ।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अबतक जिले में 241 जांच सैम्पल भेजे गए जिसमे से 89 लोगों की मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव पाई गई है अन्य 151 लोगों का मेडिकल रिपोर्ट लंबित है । हालांकि सऊदी से लौटी महिला कोरोना से ठीक होने के बाद बिलासपुर जिले कोरोना मुक्त जोन घोषित किया है ।

दूसरे देश में कोरोना पीड़ितों की बढ़ती हुई संख्या और मौतों का बढ़ता हुआ आकड़ा को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने समस्त जिले के सीएमओ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रूबरू हो कर सख्त निर्देश दिया है कि जिले में अलर्ट रहें ।

लॉक डाउन के दौरान धारदार हथियार लेकर घूमने वाले दो युवकों को कोटा पुलिस ने पकड़ा

बिलासपुर । कोरोना वायरस महामारी की वजह से धारा 144 व लॉक डाउन है जिसको लेकर पुलिस हर चौक चौराहो के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा को लेकर मुस्तेद है। इस दौरान युवकों पर कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है कल रात को कोटा पुलिस के मिलन सिंह सतीश साहू आरक्षक की डियूटी गोबरीपाट चौक में लगी थी । इसी बीच एक मोटरसाइकिल ग्राम पटैता की तरफ से आ रही थे। जिसमे दो युवक थे। कोटा पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि वो लोग पटैता से ग्राम गनियारी जा रहे है। पुलिस को शक होने पर दोनों युवकों की तलाशी ली गई जांच में पता चला कि उन्होंने चाकू को मोटरसाइकिल के सीट कवर के अंदर छिपा कर रखा था व गुप्ती को भूपेंद्र कौशिक पिता रामेश्वर कौशिक उम्र 32 वर्ष ग्राम गनियारी नेवरा ने अपनी कमर पर छिपा कर रखा हुआ था।

जनधन खातों से पैसे निकालने उमड़ी भीड़

- पुलिस को मौके पर पहुँचकर संभालनी पड़ी व्यवस्था

बिलासपुर । जनधन योजना का पैसा निकालने वालों की बैंको में लंबी कतार लगी रही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सोशल डिस्टेनसिंग में लोगों को खड़े करवाया हालांकि, सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए हर किसी को एक साथ पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहे हैजिन जनधन महिला खाताधारकों की खाता संख्या का अंतिम अंक 0-1 है, उनके खाते में तीन अप्रैल और 2-3 अंक वाले खाताधारकों के खाते में चार अप्रैल को पैसा आ चुका है,वहीं जिन लाभार्थियों की खाता संख्या 4-5 है, उनके खातों में सात अप्रैल, 6-7 अंक वालों के खाते में आठ अप्रैल और 8-9 अंक वाले खाताधारकों के खाते में नौ अप्रैल को राशि डाली जाएगी। दरअसल, लॉकडाउन के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया था कि हर महिला के बैंक खाते में प्रति माह 500 रुपये आएंगे, ये प्रक्रिया तीन महीने तक जारी रहेगी, जिसका मतलब ये है कि तीन महीने में सरकार कुल 1500 रुपये खाते में डालेगी, कुल जनधन खातों में 53 फीसदी महिलाओं के नाम पर हैं, इस तरह से करीब 20 करोड़ महिलाओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा । खाता नंबर के आखिरी अंक के आधार पर जनधन से जुड़ी महिलाओं के मोबाइल पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाली 500 रुपये की राशि के मैसेज आने शुरू हो गए हैं, बिलासपुर जिले में मंगलवार से अंचल के सभी बैंकों में अमूमन यही स्थिति देखने को मिली हितग्राहियों की लंबी कतारें, भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस जवानों को पहुँचना पड़ा।

बैंक ड्राफ्ट राशि जमा नहीं करने वाले सात दुकानदारों पर निलंबन कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । मस्तूरी नॉवल कोरोना वायरस के ख़ौफ़ के बीच लॉक डाउन को सफल बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी राशन दुकानों में दो महीने के राशन हितग्राहियों को मुहैया कराने निर्देशित किया है। इसके बाद भी दुकान संचालक अपने अड़ियल रैवये से बाज नही आ रहे है। दरसअल अंचल के अधिक्तर उचित मूल्य राशन दुकानों के संचालक प्रशासन के आदेशों को दरकिनार करने में लगे थे। यही नही ग्रामीणों का आरोप है। कि गांव में स्थापित शासकीय उचित मूल्य के दुकान में मौका परस्त दुकान संचालक ने विश्व आपदा की इस घड़ी में भी राशन को तय रेट से अधिक में बेचा जा है। जिसकी शिकायत खाद्य निरीक्षक आशीष दीवान को मिली। जिसके आधार पर उन्होंने ब्लॉक के राशन दुकानों में दबिश दी। जहाँ दुकान संचालकों की अनियमितता उजागर हुई। जिसके आधार पर उन्होंने ब्लॉक के पांच दुकान संचालकों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही प्रेषित किया है। इसके अलावा बैंक ड्राफ्ट राशि जमा नही करने वाले सात दुकानों पर भी फूड इस्पेक्टर के प्रतिवेदन पर एसडीएम मोनिका वर्मा ने निलंबित कर कार्यवाही करते हुए राशि के वसूली करने विभाग को निर्देशित किया है। जिसमे वतर्मान में ग्राम धनगवा, ठाकुरदेवा,बकरकुदा सहित मल्हार के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालक शामिल है। उक्त दुकान संचालकों द्वारा फरवरी और मार्च महीने हुए राशन के आबंटन की राशि नही जमा कराई गई थी। जिसके आधार पर विभागीय कार्यवाही की गई है।

शिविरों के माध्यम से दी जा रही हैं सभी आवश्यक सुविधाएं

बैकुंठपुर। कोरिया जिले के तहसील खड़गवां के ग्राम दुग्गी स्थित कोरिया गढ़ पहाड़ में नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने के पूर्व पूजा-अर्चना करने हेतु पहुंचे तहसील मनेन्द्रगढ़ के ग्राम खैरबना तथा ग्राम पाराडोल के निवासियों को प्रशासन की मदद से सकुशल घर पहुंचाया गया। सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा चुका है जिसमें सभी स्वस्थ पाये गये हैं। कोरोना संक्रमण से उत्पन्न आपदा की स्थिति में भी जिला प्रशासन की मुस्तैदी के लिए सभी लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

नगरीय प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाया जा रहा लाभ

बचेली। कोरोनावायरस महामारी के बीच छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी द्वारा राज्य के लोगों के हित में जो योजनाएं बनाई गई,जिसे सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारी नगरीय निकाय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है ।

इसी कड़ी में शासन द्वारा स्कूलों में शिक्षकों एवं स्व सहायता समूह महिलाओं द्वारा स्कूली बच्चों को सूखा राशन जिसमें 4 किलो चावल एवं 800 ग्राम दाल वितरण किया जा

रहा है । मिडिल स्कूलो में 6 किलो चावल एवं 12 सौ ग्राम दाल घर-घर जाकर पहुंचाई जा रही है । आंगनबाड़ी द्वारा बच्चों को ready-to-eat दुगनी मात्रा में दिया जा रहा है इसके अलावा बीपीएल राशन कार्ड धारकों को 2 माह का प्रत्येक व्यक्ति 7 किलो चावल के हिसाब से मुफ्त राशन, एपीएल कार्ड धारकों को प्रत्येक व्यक्ति 7 किलो के हिसाब से ?10 की दर से चावल दिया जा रहा है ।

वही उज्जवला योजना के तहत अप्रैल-मई जून माह तक निशुल्क घर पहुंच सिलेंडर हितग्राहियों को भी प्रदान किया जा रहा है । इसके साथ अन्य लोगों को चिन्हित कर सुखा राशन 10 किलो प्रदान किया जा रहा है जो बाहरी राज्य से आकर यहां पर फंस चुके हैं। सबसे अहम जितने भी वार्ड मेंअसहाय गरीब तबके के लोग जो कि भोजन बनाने में सक्षम नहीं है ऐसे लोगों को दोनों वक्त में भोजन बनाकर वितरण किया जा रहा है। सभी का सिर्फ एक ही मकसद कोई भी भूखा ना रहे।

पुरानी रंजिश के चलते चार भाईयों ने की एक युवक की हत्या

बिलासपुर । पचपेड़ी थाना अंतर्गत ग्राम पचपेड़ी में बीती रात चार सगे भाइयों ने मिलकर एक युवक की लाठी डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी , पुलिस ने चारों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मस्तूरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाला ग्राम पचपेड़ी में मृतक रामखिलावन मधुकर उम्र 40 से आरोपियों की पुरानी रंजिश थी, जिसका ही नतीजा रहा कि आरोपी चारों भाइयों ने मिलकर इस घटना को अंजाम दे दिया घटना के बाद से ही गाँव मे सनसनी फैल गई है, घटना की सूचना दिये जाने के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्डम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया और गांव में दबिश देकर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई कीजिसमे तीन नाबालिग भी शामिल हैं।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मुंगेली। खेढ़ा ग्राम के 19 वर्षीय युवक ने पंखें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है मुंगेली पुलिस ने मर्ग क्रमांक 19/20 सी.आर.पी.सी. के धारा 174 के तहत दर्ज कर विवेचना कर रही है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। घटना सिटीकोतवाली के ग्राम खेढ़ा की है जिसमें 19 वर्षीय रजवंत साहू पिता गजानंद साहू ने निर्माणाधीन नये घर के पंखे में नायलोन के रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है घटना 5 अप्रेल के रात्रि 10 बजे के आसपास की है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा अभी तक नही हो पाया है 12 वीं तक शिक्षा प्राप्त किया रजवंत साहू कबड्डी का खिलाडी था, 5 अप्रेल को मकान में प्लास्टर, फ्लोरिंग का काम कराया था आमतौर पे रजवंत रात्रि में घर आकर देर में सोता था 5 अप्रेल को 5 अप्रेल को रात्रि में खाना खाने के बाद गांव में घूमकर लौटा था। सूचक पिता गजानंद साहू पिता रामाधार साहू 44 वर्ष निवासी खेढ़ा ने सुबह नवनिर्माणाधीन घर में गया तो देखा की पंखे में नायलोन के रस्सी से रजवंत ने फांसी लगा लिया है। जिसकी सूचना उसने 6 अप्रेल को सुबह 7.20 बजे थाने को दी। मुंगेली पुलिस घटना स्थल पहुचकर मुआयना कर लाश का पोस्टमार्टम के पश्चात पंचनामा कर परिवार वालो को दिया गया। मुंगेली पुलिस ने मर्ग क्रमांक सी.आर.पी.सी. धारा 174 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर एस.आई. एस.के. कोसरिया विवेचना कर रहे है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी ने ली बेमेतरा विधायक से कोरोना वायरस संक्रमण की जानकारी

बेमेतरा/साजा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल पुनिया ने कांग्रेस के सभी जिलाध्यक्षो सासंदो तथा विधायको से कोरोना वायरस की उनके क्षेत्र में स्तिथि की जानकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली। जिसमे बेमेतरा

क्षेत्र की जानकारी विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश प्रभारी को दी। विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि बेमेतरा विधानसभा में कुल 2325 लोगो को होंमक्वारटाईन किया गया है तथा अभी तक किसी के कोरोना वायरस संक्रमित होने की पुष्टि नही हुई है, विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश प्रभारी को क्षेत्र की जनता द्वारा इस विपदा में किये जा रहे आर्थिक सहयोग की जानकारी दी। साथ ही विधायक ने प्रदेश प्रभारी जी से मांग की है कि पालिका के अध्यक्ष, पार्षदो की निधि से खादय सामग्री ऋय किये जाने की अनुमति दी जावे। साथ ही ऐसे व्यक्तियो को खाद्ययान योजना का लाभ दिया जावे जिनके पास राशन कार्ड उपलब्ध नही है। साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला चिकित्सालय में मास्क तथा अन्य आवश्यक सामाग्री प्रदाय किये जाने की निवेदन प्रदेश प्रभारी जी से किया।

जैन श्री संघ और राजिस्थानी समाज द्वारा 52 हजार रूपये का दान

कांकेर। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं नियंत्रण के लिए जैन श्री संघ और राजिस्थानी समाज कांकेर के द्वारा प्रधानमंत्री राहत कोष में 31 हजार रूपये और मुख्यमंत्री राहत कोष में 21 हजार रूपये का दान करने संबंधी चेक कलेक्टर श्री के.एल. चौहान को आज सौपा गया। इस अवसर पर जैन श्री संघ और राजिस्थानी समाज के पदाधिकारी देवेन्द्र गोलछा, हरीश कोचर, राजेश शर्मा, अशोक राठी, निर्मल माहेश्वरी, अजय चोपड़ा, दिनेश कोचर, भावेश गोलछा, क्रांति कुमार जैन एवं मनोज चोपड़ा उपस्थित थे।

श्रमिक संघ ने कर्मचारियों को मास्क बांटकर किया जागरूक

कोरबा। एसईसीएल के कोयलांचल में श्रमिक संगठन भी कोरोना से बचाव के लिए आगे बढ़कर सहयोग कर रहे हैं। कॉलोनी व बस्तियों में लोगों को मास्क बांटा जा रहा है और उनको वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। सोशल डिस्टेंसिंग के बारे भी बताया जा रहा है। कोयलांचल के आसपास के कई गांवों में मास्क की कमी होने पर यहां माकपा से जुड़े जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं की मदद से वाशेबल मास्क बनाकर ग्रामीणों को वितरण किया है। माकपा ने अब तक करीब 2500 से अधिक मास्क का वितरण किया है। संगठन के जिला सचिव प्रशांत झा ने बताया कि लोगों के घर जाकर उनको मास्क का वितरण किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए वॉशेबल मास्क गांव की महिलाओं की मदद से बना कर पूरे वार्ड में बांटा गया है। माकपा ने पहले गंगा नगर में मास्क वितरण किया। इसके बाद प्रेम नगर, आनंद नगर में मास्क बांटने के साथ सैनेटाइजर से हाथ की सफाई की जानकारी दी गई। इसी तरह पुरैना,गंगानगर,मढ़वाढोढ़ा व आसपास के गांव में भी कई घरों में मास्क देने के साथ ही कई घरों को सैनेटाइज करने का काम किया गया।

माकपा से जुड़े पार्षद सुरती कुलदीप और राजकुमारी कंवर ने भी बताया कि कोरोना वायरस से बचने के लिए उनके वार्डों में भी वे अपने स्तर से प्रयास में जुटे हुए हैं। माकपा कार्यकर्ताओं का भी इसमें सहयोग मिल रहा है। भैरोताल वार्ड के विभिन्न गलियों के नालियों में मैनाथिन दवाई के छिड़काव के साथ ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव का छिड़काव किया गया है।

गेवरा कॉलोनी में एटक ने दिए मास्क

एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र की कालोनी में भी ट्रेड यूनियन के सदस्य घर घर जाकर मास्क का वितरण कर रहे हैं। एसकेएमएस एटक संगठन गेवरा एरिया की ओर से कर्मचारी आवासीय परिसर गेवरा कॉलोनी में कोरोना वायरस से बचने घर घर जाकर मास्क वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों को इस महामारी में सावधानी बरतकर सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने कहा जा रहा है।

■ न्यूज गैलरी

राज्य के पंजीयन कार्यालय 14 अप्रैल तक रहेंगे बंद

रायपुर (नव प्रदेश)।कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य के पंजीयन कार्यालय अब 14 अप्रैल तक बंद रहेंगे। इसके पहले पंजीयन कार्यालय को 7 अप्रैल तक बंद रखने के आदेश वाणिज्यि कर (पंजीयन) विभाग द्वारा जारी किए गए थे। कोरोना वायरस की फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए अब आगामी 14 अप्रैल तक राज्य के सभी पंजीयन कार्यालय को बंद रखने के आदेश जारी किए गए है।

प्रदेश कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

रायपुर (नव प्रदेश)। प्रदेश कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आज विडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया ,एआईसीसी के महामंत्री के सी वेणुगोपाल, मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल ,प्रदेश कांग्रेस अधयक्ष मोहन मरकाम प्रभारी सचिव चंदन यादव ,स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिहदेव, प्रदेश सरकार के मंत्री गण, ताम्रध्वज साहू रविन्द्र चौबे, मो अकबर,शिव डहरिया कवासी लखमा ,अमरजीत भगत डॉ प्रेम साय सिंह, गुरु रुद्र उमेश पटेल,अनिलाभेड़िया, कांग्रेस के सांसद ज्योत्स्ना महंत दीपक बैज,छाया वर्मा सहित सभी विधायक गण ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष गण ,महापौर गण तथा पीसीसी पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मीटिंग में शामिल हुए। मीटिंग में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने कोरोना वायरस से बचाव के संदर्भ में राज्य सरकार के द्वारा उठाये गए कदम निर्णय की विस्तृत जानकारी दी साथ ही उन्होंने विधायको और जिलाध्यक्षो से उनके क्षेत्रो में आ रही परेशानियों की जानकारी ले कर उसके निराकरण के भी आदेश दिए।

सीएम भूपेश बोले कोरोना के खौफ से नहीं रुकेगी स्कूली बच्चों की पढ़ाई

बेखौफ 'पढ़ई तुंहर दुआर' से ऑनलाइन शिक्षा

■ पोर्टल ट्रायल के पहले ही दिन 40 हजार से ज्यादा ने किया विजिट

■ शिक्षक एक साथ पूरे प्रदेश के छात्रों को दे सकेंगे शिक्षा- भूपेश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्कूली बच्चों को घर पर ही रहकर पढने् के लिए देश के सबसे बड़े ऑनलाईन पोर्टल में से एक पढ़ई तुंहर दुआर का आज अपने निवास कार्यालय में शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए लाखों छात्र बिना किसी शुल्क के ऑनलाईन पढ़ाई कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि लॉकडाउन के साथ ही आने वाले समय में बच्चों की निरंतर पढ़ाई में यह कार्यक्रम बहुत उपयोगी साबित होगा। मुख्यमंत्री ने ऑनलाईन पोर्टल का शुभारंभ करते हुए तिल्दा (जिला-रायपुर) की शाला की कक्षा आठवीं की स्कूली छात्रा दामिनी और दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड की सेलूद प्राथमिक शाला के शिक्षक श्री मिलिंद से ऑनलाईन बातचीत भी की और इस पोर्टल के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की टीम को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, संचालक लोक शिक्षण संस्थान जितेन्द्र कुमार शुक्ला उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने ऑनलाईन बातचीत में छात्रा दामिनी से पूछा कि कोरोना आपदा के कारण स्कूल बंद हैं ऐसे में डिजिटल प्लेटफार्म पर ऑनलाईन पढ़ाई करने में कैसा लग रहा है। छात्रा ने कहा कि यह एक अच्छी सुविधा है। हमारे समय का उपयोग हो। इस सुविधा को उपलब्ध कराने के लिए दामिनी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने दामिनी से कहा कि इस प्लेटफार्म में अपने और दोस्तों को भी जोड़ें।



सेलूद के शिक्षक मिलिंद ने भी इस सुविधा के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा में बच्चे टेक्नोलॉजी का सही उपयोग कर पढ़ाई कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि अब कोई भी शिक्षक किसी एक स्कूल का ही नही पूरे छत्तीसगढ़ के बच्चों का शिक्षक होगा। ऑनलाईन शिक्षा सुविधा के तहत छात्रों को इस पोर्टल में पाठ्य सामग्री के रूप में पीडीएफ फार्मेट में पाठ्य पुस्तकें, ऑडियो तथा वीडियो लेसन आदि उपलब्ध है, इसके साथ अन्य बहुत सी सुविधाएं भी इसमें उपलब्ध करायी गई है। जो साधारणतय- केवल समक्ष कक्षा में ही मिलती है। ऑनलाईन शिक्षा के तहत पोर्टल पर जूम ऐप के माध्यम से ऑनलाईन इंटरएक्टिव कक्षाएं आयोजित भी की जाएगी, जिनमें शिक्षक एवं बच्चे अपने-अपने घरों से ही वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ सकेंगे। इन ऑनलाइन कक्षाओं में शिक्षक बच्चों को पढ़ाएंगे और बच्चे प्रश्न भी पूछ सकेंगे। इस प्रकार ऑनलाईन क्लास का अनुभव कक्षा जैसा ही होगा। बच्चे अपनी शंकाओं का समाधान भी ऑनलाईन कर सकेंगे। इससे बच्चे को कठिन अवधारणाएं समझने में सहायता मिलेगी और शिक्षकों से शंका समाधान के द्वारा बच्चों में बेहतर समझ विकसित हो सकेगी।

इस प्लेटफार्म के जरिए बच्चों को ऑनलाईन होम वर्क भी दिया जाएगा। उसे वे घर पर ही अपनी कॉपी में हल करेंगे और अपने मोबाइल से फोटो खींचकर उसे पोर्टल पर अपलोड कर देंगे। इसके बाद संबंधित शिक्षक उसे ऑनलाईन जांच कर वापस विद्यार्थियों को भेज देंगे। इस प्रकार विद्यार्थी घर बैठे ही अपनी कमजोरियों को समझ कर उन्हें दूर कर सकेंगे। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद भी इस पोर्टल का उपयोग लगातार होता रहेगा। छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों एवं विषय शिक्षकों की कमी वाली शालाओं के लिए भी यह कार्यक्रम बहुत उपयोगी होगा।

देश का पहला बड़ा एजुकेशन प्लेटफार्म होगा

लॉकडाउन के कारण स्कूल लंबे समय से बंद हैं। इस कारण यह आवश्यक हो गया है कि घरों में रहकर ही बच्चों को पढने्-लिखने और सीखने का अवसर प्रदान किया जाये, इसके तहत छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के हित में पढ़ई तुंहर दुआर ई-प्लेटफार्म की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इससे अब छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई ई-प्रक्रिया के तहत सीखना जारी रख सकेंगे और आगे की पढ़ाई के लिये पूरी तरह से तैयार रहेंगे। इस ई-लर्निंग प्लेटफार्म में ऑनलाईन इंटरएक्टिव कक्षाओं के जरिए शिक्षक और बच्चे अपने-अपने घरों से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। देश में अपने तरह का यह पहला बड़ा ऑनलाईन एजुकेशन प्लेटफार्म होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के छात्रों सहित हिन्दी भाषी राज्यों के छात्रों के लिए भी बहुत ही लाभदायक होगा। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस पोर्टल को कल ही ट्रायल के लिए खोला गया था और ट्रायल के पहले ही दिन चालीस हजार से अधिक लोगों ने इस पोर्टल को विजिट किया।

सब्जी व राशन दुकानों में लगी खरीददारों की भीड़

■ लॉकडाउन में दो दिन तक सख्ती के बाद ढील दी गई

रायपुर (नव प्रदेश)। राजधानी में रविवार और सोमवार को दो दिन तक लॉकडाउन में सख्ती से शहरभर में सब्जी, फल व राशन दुकानें बंद थी। दो दिनों की सख्ती के बाद आज पुनः लॉकडाउन में ढील दी गई, जिसके बाद आज सुबह सब्जी व राशन की दुकानें खुलते ही खरीददारों की भीड़ लग गई। इस भीड़ के दौरान कई दुकानों में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए भी लोग नहीं दिखे।

कोरोना वायरस को लेकर पूरे देश में जारी 21 दिनों का लॉकडाउन जारी है। इस लॉकडाउन के दौरान 5 व 6 अप्रैल रविवार और सोमवार को राजधानी में शासन ने सख्ती दिखाते हुए सब्जी, फल, राशन की दुकानें भी बंद कराई, ताकि करोनो को खत्म किया जा सके। दो दिन तक बंद रहने के बाद आज पुनः लॉकडाउन में छूट दी गई, जिसके बाद तय समायानुसार सब्जी व राशन की दुकानें खुली। दुकानें खुलते ही खरीदी करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन किये बगैर लोग खरीददारी करते देखे गये। जबकि लॉकडाउन के पीछे सरकार की यहीं मंशा है कि लोग एक-दूसरे से दूरी बनाए रखे ताकि कोरोना से बचाव हो सके।

14 अप्रैल के बाद रेल सुविधा शुरू होगी या नहीं संशय कायम

■ दपूमरे रायपुर मंडल ने किया स्पष्ट अभी तक नहीं मिला कोई निर्देश

रायपुर (नव प्रदेश)। देश में जारी लॉकडाउन के बीच देश के विभिन्न राज्यों में फंसे लोगों को उनके राज्यों तक सही-सलामत पहुंचाने के लिए देश में सीमित ट्रेन सुविधा शुरू किए जाने की अटकलों के बीच यह खबर भी सामने आई है कि बिलासपुर जोन को इसके लिए अभी तक कोई निर्देश नहीं मिला है। देश में छाए कोरोना संक्रमण के खतरे के बीच यह जानकारी निकलकर सामने आ रही थी कि देश के विभिन्न राज्यों में दिगर राज्यों के फंसे लोगों को, जरूरतमंद लोगों को निकालने के लिए केन्द्र सरकार के निर्देश पर देश के अंदर 14 अप्रैल की मध्य रात्रि से कुछ प्रमुख रूटों पर चुनिंदा ट्रेन सुविधा जिसमें मेल, शताब्दी, राजधानी श्रेणी की ट्रेनों को चलाया जाएगा। इसके लिए यात्रियों को ऑनलाइन टिकट बुक करना जरूरी होगा और यात्री जिस स्टेशन से अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे वहां उनकी थर्मल इमेजिंग और स्वास्थ्य जांच की जाएगी और सब कुछ सही पाए जाने पर ही उन्हें यात्रा की अनुमति दी जाएगी।

रेलवे सूत्रों ने भी इस बात की पुष्टि की थी कि रेलवे मंत्रालय की ओर से रेलवे परिचालन से जुड़े और वर्तमान में ड्यूटी न करने वाले स्टाफ को तैयार रहने का निर्देश दिया गया था। इधर इस संबंध में जब रेलवे के पीआरओ शिव प्रसाद पवार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि चुनिंदा ट्रेन सुविधा शुरू करने संबंधी कोई सूचना नहीं मिली है, यह स्पष्ट है कि अभी तक केवल यही निर्देश है कि 14 अप्रैल तक ट्रेन सुविधा बंद रहेगी।

नसीहत | एम्स की चिकित्सक ने दिए टिप्स, त्वचा का भी ध्यान रखें प्रदेशवासी

मास्क पहनें और लगातार हाथ धोएं पर इन सावधानियों के साथ

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरस का संक्रमण फैलने के साथ सभी लगातार मास्क पहनकर खुद को इस वायरस से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके संक्रमण को रोकने के लिए लगातार हाथ भी धो रहे हैं मगर इससे त्वचा संबंधी कुछ दिक्कतें भी आ रही हैं। जिन्हें मुंहासे हैं या जिनकी त्वचा ज्यादा नाजुक है उन्हें ये चुनौतियां ज्यादा आ रही हैं। इस संबंध में कई रोगियों ने चिकित्सकों से संपर्क किया है। ऐसे में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के त्वचा रोग विभाग की अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. नम्रता छाबड़ा ने कुछ सावधानियों के साथ मास्क पहनने और लगातार हाथ धोते समय सावधानी रखने का सुझाव दिया है।

डॉ. छाबड़ा के अनुसार यदि आपके चेहरे की त्वचा संबंधी दिक्कत है या मुंहासे हैं तो मास्क पहनने से पहले माइश्चराइजर का प्रयोग बेहतर होगा। जब तक मास्क पहन रहे हैं तब तक ऐसी किसी क्रीम, जैल या फेसवॉश का प्रयोग न करें जिसमें सैलीक्लिक एसिड, रेटीनाइड्स, बेंजाइल पेरोक्साइड या ग्लाइकोलिक एसिड का प्रयोग किया गया हो। इससे मास्क पहनते समय दिक्कत हो सकती है। चेहरे पर इन दवाइयों की बजाय यदि चिकित्सक से परामर्श कर गोलियां लें तो ज्यादा बेहतर होगा।

डॉ. छाबड़ा ने कहा है कि जब तक मास्क का प्रयोग कर रहे हैं तब तक चेहरा धोने के लिए हल्के क्लिजनर और पानी आधारित माइश्चराइजर का प्रयोग करें। मास्क का प्रयोग करने तक लेजर ट्रीटमेंट, कैमिकल पील्स और ब्लीच आदि को टालना बेहतर होगा। डॉ. छाबड़ा ने कहा है कि कई लोग बार-बार हाथ और मुंह को धो रहे हैं जिससे त्वचा रूखी होकर कई प्रकार की एलर्जी के लिए संवेदनशील हो गई है। उन्होंने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर ही चेहरे और हाथ को धोएं। यदि संभव हो तो अल्कोहल आधारित हैंड रब का प्रयोग साबुन के प्रयोग से ज्यादा बेहतर हो सकता है।

छह नर्सिंग स्टाफ की जुबानी, कोरोना वायरस से संघर्ष की कहानी

रायपुर (नव प्रदेश)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टॉफने मिलकर अब तक कोरोना वायरस के सात रोगियों को पूरी तरह से ठीक करके उनके परिवार के पास वापस भेज दिया है। इसमें चिकित्सकों के साथ नर्सिंग स्टॉफने भी अपनी चिंता न करते हुए प्रदेश को कोरोना वायरस से बचाए रखने और रोगियों को ठीक करने में अहम योगदान दिया। अब पहली शिफ्ट के चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ 14 दिन के क्वारेंटाइन में हैं। कैसे रहे उनके अनुभव जानिए उन्हीं से।

सुश्री शांति टोपो, अस्सिटेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट, एम्स रायपुर

एम्स के आयुष भवन में कोरोना वायरस के लिए बनाए गए आइसोलेशन वार्ड में कार्य करना एक अलग अनुभव रहा। हमारे लिए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। जीवन में कुछ बार इस प्रकार की परिस्थितियों का निर्माण होता है मगर हम भी अपने संकल्प पर डटे रहे। अनुभवी टीम लीडर एवं ऊर्जावान स्टाफके बेहतरीन तालमेल से हमने इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। निश्चित तौर पर वैश्विक महामारी होने की वजह से एक भय के माहौल का निर्माण हुआ है किंतु आपसी तालमेल एवं एक दूसरे को प्रेरित करते हुए हमने अपना कार्य संपन्न किया। बाहर से त्वरित सहयोग प्रदान करते हुए सभी ने हमारा पूर्ण सहयोग किया है। इसके लिए मैं निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. करन पीपरे का आभार प्रकट करती हूं कि उन्होंने हमे इस प्रकार का चुनौतीपूर्ण कार्य करने का अवसर दिया। घर में एक बेटी है। उसे छोड़कर रहना पड़ा। बच्ची से दूर रहना मुश्किल था मगर कर्तव्य प्रमुख होता है। अब खुशी का अहसास हो रहा है।

श्री चिदंबर कुलकर्णी, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, एम्स रायपुर

कोरोना वायरस के वार्ड में कार्य करना एक चुनौती था क्योंकि यह एक फैलने वाली बीमारी है इसकी वजह से मरीज़ को एडमिट करने से लेकर डिस्चार्ज तक समस्त कार्य बड़ी सावधानी से करने पड़े। बेहतर प्रशासनिक सहयोग होने की वजह से पीपीई किट और एन-95 मास्क की कभी कोई कमी महसूस नहीं की गयी। सुरक्षा कर्मियों, सफाई कर्मचारियों, हॉस्पिटल अटेंडेंट, नर्सिंग अधिकारियों, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों एवं डॉक्टर्स को मिलाकर लगभग 60 कर्मचारियों की टीम ने लगातार प्रतिदिन 12-12 घंटे की पारी में पूरे हफ्ते काम किया इसके बाद हमें 14 दिनों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से क्वारेंटाइन में रखा जा रहा है। यह हमारे लिए और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। इन परिस्थितियों में घर से दूर रहने पर भी हमारे दोस्तों एवं सहकर्मियों द्वारा लगातार सहयोग प्रदान किए जाने से हमारे मनोबल में वृद्धि हुई। अब हम स्वयं को किसी प्रकार की भी चुनौती के लिए पूर्णतः तैयार पा रहे हैं। इसके लिए मैं एम्स परिवार का धन्यवाद देना चाहता हूं। घर में एक पत्नी और बेटी है। पत्नी गर्भवती हैं। इस दौरान उनसे अलग रहने का दर्द था मगर कोरोना वायरस की चुनौती से भी निपटना था। अब आत्मगौरव की अनुभूति हो रही है। मरीज अपने कपड़े ला रहे थे और कभी-कभी अपने घर का खाना खा रहे थे जो उन्हें दिया गया।

आशीष कुमार नागर, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, एम्स रायपुर

होली पर राजस्थान स्थित घर गया थे तभी कोरोना वायरस की वजह से एम्स में सभी की छुट्टी कैंसिल होने की सुनकर तुरंत आ गया। इसके बाद कोरोना वायरस के आइसोलेशन वार्ड में ड्यूटी लगाई गई। सात दिन लगातार ड्यूटी की। यह चुनौतीपूर्ण समय था क्योंकि घर से दूर रहकर कोरोना वायरस के मरीजों को ठीक करने की चुनौती थी। इस दौरान लगातार रोगियों की काउंसलिंग कर रहे थे। कुछ रोगी हायर फैसीलिटी की मांग कर रहे थे उन्हें काउंसलिंग के माध्यम से एडजस्ट करने के लिए समझाना पड़ा। इन सात दिनों के दौरान घरवालों का पूरा सहयोग मिला। इस दौरान सहकर्मियों ने भी प्रोत्साहित किया और निरंतर मदद की। घर से लगातार फोन के माध्यम से बात कर रहे थे। परिवार में भाई, पापा-मम्मी, पत्नी और पुत्री है। इनसे दूर रहना वाकई मुश्किल था मगर इस मुश्किल में सभी का साथ रहा। अब बेहद खुश हूं।

विशोक एन., सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, एम्स रायपुर

एम्स में कोरोना वायरस के जो रोगी एडमिट हुए वे सभी काफी नर्वस थे। इस बीमारी से मुकाबला करने के लिए उनको मनोवैज्ञानिक मदद देने की आवश्यकता थी। सभी रोगियों को निरंतर काउंसलिंग देना और उनका उत्साहवर्द्धन करना काफी चुनौतीपूर्ण था मगर सभी ने इस कर्तव्य का निर्वहन किया। मेरे माता-पिता पहले से ही सरकारी सेवा में हैं और सरकारी सेवा की कर्तव्य परायणता से भली-भांति परिचित हैं। अतः उन्होंने खुद का ध्यान रखते हुए रोगियों की सेवा करने के लिए सदैव प्रेरित किया। परिवार में छोटा भाई और पापा-मम्मी हैं। इसके अलावा जुड़वां बच्चे पुत्र और पुत्री हैं। इनसे दूर रहने में थोड़ी दिक्कत महसूस जरूर हुई मगर अब उतनी ही खुशी का अहसास है।

रविकिरन ताकसंडे, अस्सिटेंट नर्सिंग सुपरिटेंडेंट, एम्स रायपुर

सात दिन तक कोरोना वायरस के आइसोलेशन वार्ड में ड्यूटी की। मगर इससे ज्यादा मुश्किल है क्वारेंटाइन पीरियड। अब बिल्कुल अकेले टाइम बिताना बड़ा मुश्किल लग रहा है। आइसोलेशन वार्ड में रोगियों के साथ और सहकर्मियों के साथ समय गुजर जाता था। अब अकेले समय काटना मुश्किल लगता है। पत्नी भी नर्सिंग स्टाफ में है। बेटी डेढ़ साल की है। आपस में काफी समन्वय होने की वजह से ज्यादा चुनौती नहीं मिली। ड्यूटी के दौरान प्रशासन ने पूरा सहयोग दिया। घर वाले निरंतर प्रोत्साहित करते रहे। जिससे इस वायरस का इलाज करने में काफी मदद मिली।

सुश्री एश्ले माइकल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, एम्स रायपुर

मेरे लिए सबसे बड़ी चुनौती सहकर्मियों के मन में कोरोना वायरस के डर को दूर करने की थी। लगातार काउंसलिंग और वैज्ञानिक तथ्यों की मदद से मैंने इससे जुड़े मिथक को दूर करने की कोशिश की। इस दौरान परिजनों से पूरा सहयोग मिला। घर में पति है और तीन वर्षीय पुत्र। दोनों का काफी सहयोग मिला। अब परिजनों के साथ दोबारा रहने का अवसर मिलेगा ऐसे में काफी संतुष्ट हूं। अपने कर्तव्य पर खरा उतरना सबसे ज्यादा जरूरी होता है। यह हमारे नर्सिंग स्टाफने कर दिखाया।

पांच डॉक्टरों का तबादला स्वास्थ्य विभाग ने दिया आदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य विभाग द्वारा देर रात पांच डॉक्टरों का तबादला करते हुए उन्हें सिविल सर्जन से सीएमएचओ बनाया है। कोरोना वायरस पर नियंत्रण के उद्देश्य से किये गये तबादले इस प्रकार हैः-डॉ. पी. सुधार चिकित्सा विशेषज्ञ सिविल अस्पताल पत्थलगांव जशपुर से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर, डॉ. महादेव तेंदवे चिकित्सा विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय जांजगीर चांपा से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुंगेली, पूनम सिंह सिसोदिया चिकित्सा विशेषज्ञ प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरगुजा से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरगुजा के साथ साथ अस्पताल अधीक्षक चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डॉ. टीआर कुंवर चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय बीजापुर से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोंडागांव एवं डॉ. बुधराम पुजारी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। स्वास्थ्य विभाग के उपसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्थानांतरित चिकित्सकों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल में कार्यभार एवं पदभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है।

लॉक डाउन का सख्ती से पालन

■ सड़कों पर बेवजह निकलने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर। लॉकडाउन में शनिवार शाम से बरती गई सख्ती कल सोमवार शाम को समाप्त हुई। इधर आज सख्ती कम होते ही एक बार फिर से बेवजह सड़कों पर निकलने वालों की भीड़ नजर आई। मगर पुलिस प्रशासन ने भी अब पूरी तरह से ठान लिया है, यही वजह है कि प्रत्येक वाहन चालकों से कड़ाई से पूछताछ हो रही है, बाहर निकलने के उचित कारण बताने पर ही लोगों को आगे बढ़ने दिया जा रहा है, वहीं अन्य लोगों को वापस लौटाया जा रहा है। कुछ इसी तरह का नजारा शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नजर आया। राजिम-अभनपुर और पुराना धमतरी रोड को जोड़ने वाले टिकरापारा के सिद्धार्थ चौक, पुलिस लाईन मुख्य प्रवेश द्वार, कालीबाड़ी चौक जो कि अभनपुर, राजिम, धमतरी, रायपुर के ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग है, इस पर पुलिस का सख्त पहरा दिखाई दिया। लोगों को इन चौराहों पर ही रोक दिया गया। उचित कारण बताने पर चुनिंदा लोगों को ही आगे बढ़ने दिया गया, वहीं अन्य लोगों को सख्ती बरतते हुए वापस लौटा दिया गया।

संपादकीय

सरकार का सराहनीय फैसला

केन्द्र सरकार ने कोरोना संकट से निपटने के लिए सांसदों के वेतन में 30 प्रतिशत की कटौती करने और दो साल की सांसद निधि को निलंबित करने का जो फैसला लिया है। वह सराहनीय है। सांसदों के अलावा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के वेतन में भी 30 प्रतिशत की कटौती की जा रही है। देश इस समय कोरोना संकट से जुझ रहा है और लाकडॉउन के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी विपरित प्रभाव पड़ रहा है। वैसे भी इस वैश्विक महामारी से निपटने के लिए हमारे देश में संसाधनों की कमी है। ऐसी स्थिति में माननीयों का यह नैतिक दायित्व बनता है कि वे अपने वेतन में कटौती करे और अन्य सुख सुविधाओं में भी कमी लाए। हैरत की बात है कि सरकार के इस स्वागतेय निर्णय का भी कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक बयान जारी कर कहा है कि सांसद निधि को निलंबत करने का फैसला गलत है। इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। सिर्फ विरोध के नाम पर ही हर बात का विरोध करना विपक्ष को शोभा नहीं देता। आज देश एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है ऐसी विकट स्थिति में सांसदों को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। कायदे से तो सिर्फ दो साल की नहीं बल्कि शेष बचे पूरे चार साल की सांसद निधि भी सरकारी कोष में जमा की जानी चाहिए। ताकि सरकार कोरोना की रोकथाम के लिए सांसधनों की कमी से न झुझे। देश में इस समय चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाना। मरीजों के लिए बिस्तरों की संख्या बढ़ाना वेटिंलेटर की खरीद करना और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था करना विकट समस्या है। इसके समाधान के लिए न सिर्फ सांसदों को बल्कि देश के सभी राज्यों के विधायकों और पार्षदों को भी अपनी सहभागीता दर्ज करानी चाहिए। सभी विधायकों और पार्षदों का वेतन भी 30 प्रतिशत कम किया जाना चाहिए और उनकी भी पूरे कार्यकाल की विधायक व पार्षद निधि सरकार के खजाने में जमा की जानी चाहिए। ताकि राज्य सरकारों को कोरोना संकट से निपटने के लिए अतिरिक्त संसाधन सुलभ हो। विकास कार्यों के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों की तमाम योजनाएं चल रही है। ऐसे में यह जरूरी नहीं है कि सांसद, विधायक और पार्षद निधि से भी विकास कराया जाए। विकास आज नहीं तो कल हो जाएगा लेकिन यदि संसाधनों की कमी के कारण लोग बेमौत मारे जाएंगे तो इस जनहानि की भरपाई कोई नहीं कर पाएगा। वैसे भी सांसद विधायक और पार्षद निधि के औचित्य पर समय-समय पर सवालिया निशान लगते रहे है। ऐसे कई सांसद और विधायक है जो अपनी निधि का पूर्ण रूप से उपयोग नहीं कर पाते। जो माननीय इस निधि का उपयोग करते है। वे विकास कार्य भी अनुपयोगी ही सिद्ध होते है। इस निधि की बंदरबांट होती है और कमिश्न का खेल चलता है। जिसके चलते कई बार सांसद, विधायक और पार्षद निधि के प्रावधान को खत्म करने की मांग भी उठती रही है। बेहतर होगा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें ऐसी सारी निधि को सरकार के कोष में जमा करें ताकि पीड़ित मानवता की सेवा में उस धन राशि का सदुपयोग हो सके।

विचार

कोरोना: नेता लोग कहां छिपे हैं ?

सरकार ने सांसदों और विधायकों के वेतन में जो 30 प्रतिशत की कटौती की है और 10 करोड़ रु. की सांसद निधि पर भी रोक लगा दी है, यह अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय कदम है। वैसे केंद्र और राज्यों की सरकारें कोरोनाग्रस्त लोगों की जबर्दस्त सेवा कर रही हैं और सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम हमारे नेताओं की इज्जत बचाने में जरुर कारगर होगा। कोरोना-संकट ने यदि किसी वर्ग को कठघरे में खड़ा किया है तो वह हमारे नेताओं को ! देश के समाजसेवी, धर्मध्वजी, जातीय संगठन और सांस्कृतिक संस्थाएं भी जरुरतमंद लोगों की जी-जान से सेवाओं में लगी हुई हैं लेकिन हमारे नेतागण कहीं भी दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि भारत के राजनीतिक दल छुट्टी पर चले गए हैं। मानो वे सब अज्ञातवास में खो गए हैं। कोई नेता सड़कों पर, मोहल्लों में, गलियों में, झोपड़पट्टियों में दिखाई नहीं पड़ता। न तो वे भूखों को खाना खिला रहे हैं, न मरीजों को अस्पताल पहुंचा रहे हैं और न ही वे घर से बाहर निकलकर लोगों को तालाबंदी की सीख दे रहे हैं। वे तो ताली-थाली बजाने, बिजली बुझाने- दीया जलाने और टीवी चैनलों पर रटे-रटाए बयान देने और नौटंकियां करने में ही अपने कर्तव्य की इतिश्री मान रहे हैं। मैं पूछता हूं कि भाजपा के 11 करोड़ सदस्य, कांग्रेस के 2-3 करोड़ और प्रांतीय पार्टियों के लाखों सदस्य कहां अर्न्तध्यान हो गए हैं ? वे वोट मांगने तो घर-घर जूतियां चटकाते फिरते हैं और अब सेवा का काम उन्होंने दूसरों के मत्थे मढ़ दिया है। वे क्या नेता कहलाने के योग्य हैं ? आपने टीवी चैनलों और अखबारों में नेताओं के एक से एक बनावटी चित्र देखे होंगे। वे कैसे थालियां बजा रहे हैं, कैसे दीये जला रहे हैं, कैसे दीवाली मना रहे हैं ? क्या आपने किसी नेता को सड़कों पर भूखे मरते हुए लोगों पर आंसू बहाते देखा है ? इस संकट के समय वे जनता से बड़ी-बड़ी उम्मीदें लगाए हुए हैं। वे चाहते हैं कि सब लोग उनके कहे का पालन करें। वे आज के लालबहादुर शास्त्री बनने की फिराक में हैं लेकिन वे अपनी कथनी और करनी से स्वयं को लालबहादुर नहीं, गालबहादुर सिद्ध कर रहे हैं। वे अपनी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को सेवा-कार्यों में क्यों नहीं भिड़ाते ?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

चीन को सुरक्षा परिषद से हटाया जा सकेगा?

कुमार रमेश

> इससे भारत को स्थायी सदस्य बनाने की प्रक्रिया भी मजबूत होगी और किसी को निकाले जाने का क्लॉज भी जोड़ा जा सकेगा। आपको जानकर हैरानी होगी की संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में ऐसा एक बार हो चुका है जब सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य को बदला गया था, वह कोई और नहीं चीन ही है। चूंकि 1945 में जब संयुक्त राष्ट्र संघ बनाया गया तब सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यों में चीन नहीं बल्कि रिपब्लिक ऑफचाइना यानी आज का ताइवान था। लेकिन 1949 में माओत्से तुंग ने अपने गोरिल्ला वॉर से मैनलैंड चाइना पर कब्जा कर लिया और कम्युनिस्ट सत्ता की स्थापना की तथा स्वयं को पीपल्स रिपब्लिक ऑफचाइना घोषित कर लिया। इसके साथ ही चीन ने वन चाइना पॉलिसी का निर्माण भी किया जिसके तहत दुनिया के देश या तो पीपल्स रिपब्लिक ऑफचाइना को मानेंगे या रिपब्लिक ऑफचाइना को। इस तरह चीन की मिलिट्री पावर और इकोनॉमी कई गुना बढ़ गई और ताइवान कि जगह चीन को सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दे दी गई। आज स्थिति यह है कि उस समय का रिपब्लिक ऑफचाइना यानी ताइवान, फिलिस्तीन, कोसोवो, होली सी जैसे अनेकों देश वर्तमान सुरक्षा राष्ट्र का सदस्य बनने भर के लिए मारे मारे फिर रहे हैं क्योंकि कोई भी देश सुपरपावर अमेरिका और चीन से मुकाबला नहीं करना चाहता। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि फिलहाल 50-100 सालों तक इसी संयुक्त राष्ट्र संघ के भरोसे चीन को सुरक्षा परिषद से बाहर किया जा सकेगा। फिर भी हम देखेंगे कि दुनिया इस लापरवाही को लेकर संयुक्त राष्ट्र और चीन पर क्या दबाव डालती है।

कोरोनावायरस को लेकर दुनिया भर में क्या चल रहा है यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है लेकिन फिलहाल सबसे बड़ी बहस यह है की दुनिया भर में इस महामारी को फैलाने और छुपाने के कारण दुनिया जो त्रासदी झेल रही है क्या उसके लिए चीन को दंड दिया जा सकता है। अभी हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने यह घोषणा की है कि वे विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र संघ से चीन की सांप, खरगोश, चूहे, गधे, चमगादड़ इत्यादि वाली वेट मार्केट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करेंगे, क्योंकि इसकी वजह से अनेकों वायरस जंगल से निकलकर इंसानों तक पहुंच रहा है। इसके अलावा परसों ही इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट ने चीन के ख़िलाफ़ कोरोना से लोगों की ज़िंदगी खतरे में डालने को लेकर अंतरराष्ट्रीय जांच कराने और मुआवजा दिलाने के लिए दायर मुकदमे को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग को भेज दिया है। यह याचिका चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के खिलाफ दायर की है जिसमें आरोप लगाया है कि किस तरह चीन ने हयूमन राइट्स यूनिवर्सल चार्टर 1948 के अनुच्छेद 25क, इंटरनेशनल हेल्थ रेगुलेशन एक्ट 2005 के अनुच्छेद 6, 7, 8 एवं इंटरनेशनल कोवनेंट ऑन इकोनॉमिक्स, सोशल एंड कल्चरल राइट्स 1966 की अनुच्छेद 12 का उल्लंघन किया है, जबकि संयुक्त राष्ट्र के रिस्पांसिबिलिटी ऑफ स्टेटस फॉर इंटरनेशनली रॉन्गफुल एक्ट 2001 के तहत् चीन ऐसा कुछ नहीं करने के लिए कानूनी बाध्यकारी देश है। इस याचिका को माननीय डॉ. अतिश अग्रवाल ने दायर किया था, जो कि वर्तमान में इसी इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ ज्यूरिस्ट के प्रेसिडेंट और ऑल इण्डिया बार एसोसिएशन के चेयरमैन भी हैं।

चीन के दोहरे चरित्र को आज दुनियाभर में कोसा जा रहा है और साथ ही चर्चा हो रही है चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की, जिनके आने के बाद से लेकर पूरी दुनिया में चीन की आक्रमक बढ़ी है। आज जितने देश प्रभावित हो रहे हैं उतने तो प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में भी शामिल नहीं थे लेकिन इस महामारी ने इस बात को जन्म दिया है कि क्या चीन को दंड दिया जा सकता है। क्योंकि अब चीन 1980 कि तरह भुखमरी वाला देश नहीं रहा, आज वो अमेरिका के बाद दूसरी सबसे बड़ी मिलिट्री पॉवर और अर्थव्यवस्था वाला सुपरपावर देश है इसलिए किसी की परवाह किए बिना ट्रेड वॉर का बदला लेने के लिए उसने पूरी दुनिया को मंदी में ढकेल दिया जिसमें वह सफल भी हुआ। इस निर्भीकता का सबसे बड़ा कारण है संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता और वीटो पॉवर। सभी तरफसे घिरे हुए चीन ने हाल ही में भारत से अपील की है कि वह किसी भी मंच पर कोरोनावायरस को चाइनीस या वुहान वायरस ना पुकारे। लेकिन इन सबके बीच छुपी हुई तथ्य की जांच जारी है कि कोरोनावायरस के दौरान वुहान में 2.10 करोड़ सिम और 80 लाख लैंडलाइन एकसाथ कैसे बंद हो गए। इसकी खासी चर्चा इसलिए क्योंकि भारत में आधार, पैन कार्ड की तरह चीन में सिम से सिर्फ मोबाइल नंबर लिंक नहीं है वहां पर किसी भी सिम का मतलब उस व्यक्ति की पूरी पहचान शामिल है जो फेशियल रिकॉग्निशन स्कैन सिस्टम से अटैच होता है, अधिकतर रिपोर्ट्स कह रही हैं कि चीन में संक्रमितों की आधिकारिक संख्या कुछ और थी लेकिन उसने कभी जाहिर नहीं होने दिया।

आइए हम अपने शीर्षक पर चलते हैं कि क्या चीन को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से निकाला जा सकता है इसका जवाब लेख के अंत में ही मिलेगा क्योंकि 1945 में जब संयुक्त राष्ट्र चार्टर बनाया गया, तब उसमें ऐसा कोई भी प्रावधान शामिल नहीं किया गया था, जिससे किसी देश को हटाया जा सके। आज इसके 193 सदस्य हैं और यह संगठन किसी भी मामले पर कार्यवाही कर सकता है, भले ही वो कोरोनावायरस पर ह्यूमैनिटी और हेल्थ इमरजेंसी ही क्यूं न हो, लेकिन इन कार्यवाहियों के दो तरीके हैं एक है प्रोसीजरल और दूसरा नॉनप्रोसीजरल।

सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसके लिए अधिकतर मामले सुरक्षा परिषद पर निर्भर हैं। इस चार्टर के आर्टिकल 23 में सुरक्षा परिषद और उसके 15 सदस्यों के गठन के बारे में कहा गया है, हालांकि यह भी जानना उतना ही दिलचस्प है कि 1963 से पहले इसमें सिर्फ 11 सदस्य हुआ करते थे लेकिन 1963 में संशोधन करके इसके सदस्यों की संख्या को बढ़ा दिया गया। चीन के संदर्भ में बात करें तो सभी स्थायी सदस्यों की तरह इसकी सबसे बड़ी शक्ति है वीटो पावर, और यह वीटो पावर की शक्ति उसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के आर्टिकल 27ग से मिलती है जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि किसी भी प्रकार के प्रस्ताव को पारित करने के लिए 9 वोट चाहिए जिसमें सभी पांचों स्थायी सदस्यों की सहमति अनिवार्य है इसे कॉनकरिंग वोट कहा जाता है। जैसा कि मैंने पहले कहा चार्टर में कहीं भी नहीं लिखा कि सुरक्षा परिषद के सदस्यों को हटाया जा सकता है, इसलिए इसके कुछ नैतिक और अनैतिक तरीके हो सकते हैं जिस पर कार्य करते हुए चीन को इससे हटाया जा सकता है। पहला लीगल तरीका यह है, कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय 18 के तहत इसमें संशोधन करके यह जोड़ा जाए कि किसी सदस्य को हटाने की क्या प्रक्रिया हो सकती है। लेकिन इसमें सबसे बड़ी चुनौती यह है कि संशोधन के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के दो तिहाई सदस्यों की सहमति के साथ सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्यों की सहमति भी अनिवार्य है। अब ऐसे में जब चीन को हटाया जाना है, तो वह इसके पक्ष में मतदान क्यों करेगा। दूसरा, चार्टर के आर्टिकल 6 में यह लिखा हुआ है कि अगर किसी सदस्य देश ने चार्टर के सिद्धांतों का उल्लंघन किया है तो उस पर कार्यवाही की जा सकती है। लेकिन फिर से यहां भी सबसे बड़ी चुनौती यही है कि इसके लिए भी सुरक्षा परिषद के पांचों स्थायी सदस्यों की सहमति अनिवार्य होगी, ऐसे में यह दोनों नैतिक प्रक्रियाएं चीन के रहते संभव नहीं हो सकती।

कुछ अन्य तरीके भी हैं, जिस पर कार्य करके चीन को हटाया जा सकता है। वे रास्ते अनैतिक है क्योंकि कानूनी प्रक्रियाओं से यह कार्यसंभव नहीं है। तीसरा तरीका यह है कि सभी सदस्य देश कोरोनावायरस की लापरवाही और भ्रामक जानकारी दिए जाने को लेकर चीन का बायकॉट कर दें, लेकिन क्या यह मुमकिन है कि रूस, पाकिस्तान, ईरान, तुर्की इत्यादि देश चीन को आइसोलेट होने देंगे। फिलहाल ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल का वह विश्वप्रसिद्ध वक्तव्य याद आ रहा है जब उन्होंने कहा था कि कूटनीति में कोई ना स्थायी दुश्मन होता है और ना ही स्थायी दोस्त, स्थायी तो सिर्फ देशों के हित होते हैं। ऐसे में अगर कोई देश चीन को अलग-थलग नहीं होने देंगे तो इसके पीछे का कारण है चीन पर निर्भरता। ना सिर्फकुछ देश आज के वैश्वीकरण में लगभग सभी देशों को चीन की ज़रूरत है, भारत को भी। इसके अलावा वो भविष्य कि सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और मिलिट्री पॉवर भी होगा, इसलिए यह तीसरा तरीका भी संभव नहीं लगता। चौथा तरीका यह है कि सभी ना सही, तो अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी जैसे 40-50 देश जो मिलिट्री और अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत हैं वह चीन को अशांतिप्रिय देश घोषित करके संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संगठनों पर दबाव डालकर चीन को सुरक्षा परिषद् से निकाला जा सकता है। लेकिन फिर से परेशानी वही है कि सुपरपावर चीन पर आखिर कौन दबाव डाल सकेगा। इसलिए अंततः पांचवा और आखरी तरीका यह है कि संयुक्त राष्ट्र को पूरी तरह से बदल दिया जाए।

(अपराधशास्त्री, विदेशी मामलों के जानकार एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर)

उत्तर प्रदेश में विपक्षी पार्टियां राहत कार्य में जुटीं

राहुल, प्रियंका और अखिलेश जरूरतमंदों के साथ हो गए हैं खड़े

प्रदीप कपूर

उत्तर प्रदेश भी देश के अन्य हिस्सों की तरह कोरोना संकट की चपेट में है। संकट के इस दौर में प्रदेश के विपक्षी दलों ने आम जनता की मदद के लिए अपने अपने स्तर पर और अपने अपने तरीके से कोशिशें शुरू कर दी हैं। सच तो यह है कि इस मसले पर विपक्षी दल एक साथ आ गए हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी लोकसभा चुनाव में हारने के बाद अमेठी की यात्रा से बच रहे थे। स्मृति ईरानी के हाथों वे पराजित हो गए थे। यह हार उनके लिए पूरी तरह अप्रत्याशित थी। हार के बाद वे वहां के लोगों का सामना नहीं कर पाने रहे थे। लेकिन कोरोना संकट के बाद उन्होंने अपने करीबी सहयोगी को राहत सामग्री के ट्रक लोड के साथ जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच वितरित करने के लिए भेजा है।

इसी तरह, यूपी की प्रभारी प्रियंका गांधी भी सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की जिला और शहर इकाइयों को लिखा है कि ताकि जमीनी स्तर पर लोगों को राहत देने के लिए जो भी संभव है, वे करें। उन्होंने राज्य अध्यक्ष अजय कुमार लालू को राज्य में किए जा रहे राहत कार्यों की निगरानी करने और अधिकारियों की कमियों को इंगित करने का भी निर्देश दिया। प्रियंका गांधी ने राज्य सरकार को अपने संबंधित गांवों में प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था करने के लिए भी लिखा है। इसी तरह, पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी राज्य में राहत कार्य की व्यवस्था बनाने के लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें कीं हैं। अखिलेश यादव ने एक करीबी व्हाट्सएप ग्रुप पर अपने नेताओं को लोगों को उचित राहत सुनिश्चित करने के लिए लोगों तक पहुंचने का निर्देश दिया। यादव ने अपनी पार्टी के सांसदों, विधायकों और एमएलसी को चल रहे कोरोना संकट से निपटने के लिए योजनाबद्ध तरीके से राहत कार्य करने को कहा है।

उसी समय, जब बरेली में प्रवासी मजदूरों को बसों में इस्तेमाल करने के लिए कीटाणुनाशक के स्प्रे के माध्यम से स्थानीय अधिकारियों द्वारा अमानवीय व्यवहार के अधीन किया गया था, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव और मायावती जैसे नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की और आधिकारिक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सरकारी स्तर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विपक्षी दलों के नेताओं को उनसे इस बात की शिकायत है कि उन्हें अपने प्रयासों में विपक्षी दलों को भी शामिल करना चाहिए था और सर्वदलीय बैठक बुलाकर संयुक्त प्रयासों को आगे बढ़ाना चाहिए था। एक वरिष्ठ विपक्षी नेता ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोरोना के खिलाफ संयुक्त युद्ध छेड़ने के लिए विपक्षी नेताओं के साथ बैठक बुलाई होती तो उत्तर प्रदेश में कोरोना संकट से और भी बेहतर तरीके से लड़ा जा सकता था। **(संवाद)**

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

थाली बजाने को कहा परात फोड दिए

थाली बजाने को कहा परात फोड दिए दीप जलाने को कहा पटाखे फोड दिए बीस करोड़ ने सोच रखा है मोदी को आने नहीं देंगे सौ करोड़ों ने सोचा है मोदी को जाने नहीं देगे .. आप किसमें शामिल है??

किरन भण्डारी

केला दिया गरीब को, गिनती का बस एक

केला दिया गरीब को, गिनती का बस एक। चार लोग पकड़े खड़े, बनकर दानी नेक बनकर दानी नेक, सभी फोटो खिंचवाते। कर-करके तारीफ स्वयं की नहीं अघाते। मूढ़ नराधम लोग, दान को समझें खेला। करें दिखावा मात्र, बाँट निर्धन को केला।।

डॉ बिपिन पाण्डेय

खास पाती | कुछ लोग वही करते हैं जिसके

कुछ लोग वही करते हैं जिसके लिए मना किया जाता है। व्यवस्था बिगाड़ने में विशेष आनंद आता है ऐसे लोगों को! और कुछ लोग अति उत्साहित होकर कहे गए से बहुत ज्यादा काम करते हैं और कुटिल लोग उनकी इस मानसिकता की आड़ में अपनी चाल खेल जाते हैं। कल की सबसे निराशाजनक और दुखद बात ये है कि अति उत्साहित लोगों के अलावा हमारे आसपास जिन्होंने लाइट्स बंद नहीं की, दीपक भी नहीं लगाए, उन्होंने खूब आतिशबाज़ी की। इसे क्या कहेंगे? **शिवानी जयपुर**

कोरोना मसला समाप्त होने के बाद

कोरोना मसला समाप्त होने के बाद के कुछ काल्पनिक दृश्य ?? लोगों को घर रहने की आदत हो गई है काम पर जाने से मना कर रहे हैं मोदी जी को टीवी पर आकर अपील करनी पड़ी की : सब समाप्त हो गया है, अब तो काम पर जाइए... सुबह 9 बजे पुलिस लोगों को डंडे मार मार कर घर से बाहर निकाल रही है... पत्निया पुलिस को फोन करके बुला रही है कि, मेरा वाला तो रह गया...। **पंकज मिश्रा**

घर मे छुपे बैठे कुछ अपने ही

घर मे छुपे बैठे कुछ अपने ही मक्कार हैं समझ नहीं आपदा की बुद्धि से बेकार हैं करते दीन की बातें,मन मे छुरियां रखते थूक कर इधर-उधर करते दुश्मनी वार हैं क्या बचा लीजिएगा, धर्म के ठेकेदारों को जो बनकर हैं बैठे,देश के असली गद्दार हैं लजाया मजहब को और खुदाई भी नासी जो शर्म की सरहद को करते तार-तार हैं खौफ़जदा इंसान आज,एसे ही जयचंदो से भेजिए जंगल,जो जानवरो से भी बेकार हैं। बसी ज़हन मे नफरत,इंसा के गुनहगार बने और खून भी गन्दा औकात दिखाने लाचार हैं। **रानी इंदू**

रामायण में जिन अगस्त मुनि

रामायण में जिन स्अगस्त मुनि की चर्चा हुई, यदि उनके कार्य को ही आप याद रखें तो अंग्रेजों और मार्क्सवादियों द्वारा रचित आर्य-द्रविड़ के झूठे सिद्धांत को आप काट सकते हैं। अगस्त ऋषि ने ही उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ा। अर्थात भारत को अपने ज्ञान व कर्म से एक सूत्र में पिरोया.! **प्रवीण माटी**

प्रथम प्रेम द्वितीया के चाँद सा

प्रथम प्रेम द्वितीया के चाँद सा दिखा, रूका और ग़ायब हो गया- उसके हँसिया धार चुभते रहे दिनों तक, कभी बायीं आंख में तो कभी दांयी दूसरा, तीसरा,चौथा कर बढ़ने में किनारे गोल होते गये चुभन गुदगुदी सी बड़ी होने लगी, जले पलेथन की रोटी बनने तक, अब सिर्फपेट था, जो हर रात- एक पीला चादर ओढ़कर सो जाता था। **शेष अमित**

इश्क सड़को पे आवारा हुआ दिल

इश्क सड़को पे आवारा हुआ दिल गरीब का बेसहारा हुआ! नहीं जानता क्यों ऐसा हुआ शोर ए दर्द ,कब गूँगा हुआ! आवाज होती तो करता क्या सुनता कहाँ जो बहरा हुआ! रो पड़ा सियासत सहता हुआ आया ख्याल,क्यो अंधा हुआ! न था कोई पास कहता किससे हमारा सदन अब तुम्हारा हुआ! **जावेद उस्मानी**

सच कहने की हमको तो बीमारी है

सच कहने की हमको तो बीमारी है। इसके चलते हमने दुनिया हारी है। जुल्म करें गर हम तो इतना याद रहे उसकी इक लाठी ही सबपे भारी है। सबके अपने-अपने फ़र्ज़ यहाँ पर हैं सबकी अपनी-अपनी जिम्मेदारी है। प्यार किया है मुझको तूने जी भरके अब तेरी नफ़रत करने की बारी है। मेरा-तेरा करना ठीक नहीं बबिता भारत में हम सबकी भागीदारी है। **बबिता गर्ग**

QUIZ TIME

1) पृथ्वी की सतह के बिल्कुल नीचे वह स्थान क्या कहलाता है, जहाँ से भूकम्प तरंग उत्पन्न होती है?

2) सर्वप्रथम सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किस अधिनियम के द्वारा किया गया?

3) लक्षद्वीप किस उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आता है? (केरल / कलकत्ता)

4) भारत में नोट जारी करने की कौन-सी प्रणाली अपनाई जाती है?

5) कोलम्बिया विश्वविद्यालय द्वारा पत्रकारिता एवं साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले पुरस्कार का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) फोकस (2) रेग्युलेटिंग एक्ट 1773 (3) केरल (4) न्यूनतम आरक्षित प्रणाली (5) पुलित्जर पुरस्कार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं: 1801 - रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत। 1831 - प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इग्लैंड पहुंचे। 1857 - विद्रोह के सिपाही मंगल पांडे को फांसी दी गई। 1894 - प्रसिद्ध बंगला कवि और वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चन्द्र चटर्जी का निधन । 1912 - अफ्रीका में नील नदी में जहाजों की टक्कर से 200 से अधिक लोगों की डूबकर मौत । 1929 - भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने दिल्ली के सेंट्रल असेंबली हॉल में बम फेंके। 1947 - अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड का 83 वर्ष की उम्र में निधन। 1950 हिन्दी के सुप्रसिद्ध कवि दिनेश कुमार शुक्ल का जन्म हुआ था।

इंसानों के लिए जानलेवा है कोरोना जैसे और भी कई विषाणु : विशेषज्ञ

- इस महामारी से अब तक 75 हजार लोग मारे जा चुके हैं और 13,47,689 संक्रमित
- वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अभी कोरोना जैसे हजारों जानलेवा वायरस इंतजार में हैं

पेइचिंग (ए.)। कोरोना वायरस के कहर से दुनिया की आधी आबादी इन दिनों लॉकडाउन है। इस महामारी से अब तक करीब 75 हजार लोग मारे जा चुके हैं और 13,47,689 लोग संक्रमित हैं। समाज में हरेक स्तर पर बदलाव आ चुका है। महासंकट की इस घड़ी वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अभी कोरोना वायरस जैसे हजारों जानलेवा वायरस इंतजार में हैं और वे कभी भी इंसानों पर हमला कर सकते हैं। इस सदी की शुरुआत के बाद से अब तक दो कोरोना वायरस महामारी जानवरों से इंसान तक पहुंचीं और अब कोविड-19 तीसरी महामारी है। मेडिकल साइंस इन किलर वायरस से निपटने के लिए नए रक्षात्मक उपाय कर रहा है। हालांकि साक्ष्य बताते हैं कि ये वायरस अभी केवल शुरुआत हैं और आने वाले समय में इंसान को हजारों जानलेवा विषाणुओं से निपटना पड़ेगा।

इंसान जानवरों के इलाके में कदम रख रहा

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जानवरों में इतनी बड़ी तादाद में वायरस के पाए जाने जानकारी से वैज्ञानिक और शोधकर्ता आश्चर्यचकित नहीं हैं। हालांकि चिंता इस बात की है कि इंसान का लगातार व्यवहार बदल रहा है। इंसान जानवरों के इलाके में कदम रख रहा है जहां उसके संक्रमित होने का खतरा है। विशेषज्ञों के मुताबिक इसकी बड़ी वजह जंगलों का काटा जाना और खाद्यान की सप्लाइ के लिए लगातार जंगली इलाके में खेती का प्रसार है। वर्ष 1960 के दशक में इंसान की आबादी 3 अरब थी और यह अब बढ़कर 7.7 अरब हो गई है। ऐसे में सबके लिए खाने की डिमांड भी बढ़ गई है। संक्रामक बीमारियों के बहुत तेजी से दुनियाभर में इंसानों में फैलने की एक यह भी बड़ी वजह है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 21वीं सदी में अब तक तीन संक्रामक बीमारियों का हमला हो चुका है। ये हैं Sars-CoV, Mers-CoV और Sars-CoV-2।

इंसान पैदा कर रहे हैं असंतुलन

विशेषज्ञों के मुताबिक हालांकि ये सभी नए विषाणु जानवरों से इंसान में आए लेकिन मानव आवास और वैश्विक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क की वजह से ये बहुत तेजी से जंगल से निकलकर पूरी दुनिया में फैल गए। महामारी विशेषज्ञ डिर्क फ्फेइफ्फर ने कहा कि ये विषाणु पहले भी आते रहे हैं जो प्रकृति का एक हिस्सा हैं। लेकिन हमारी गतिविधियां चीजों को बदल रही हैं। हम असंतुलन पैदा कर रहे हैं और जंगल के बेहद करीब जा रहे हैं। जंगली जानवरों और जानलेवा विषाणुओं की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं जिनके बारे में हम पहले जानते तक नहीं थे।'

कोरोना से लड़ने के लिए दिल्ली सरकार ने तीन अस्पतालों को कोराना अस्पताल बनाया

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली सरकार ने लोक नायक जयप्रकाश नारायण, जी बी पंत और राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को कोरोना वायरस के उपचार के लिए विशेष अस्पताल चिन्हित कर किसी भी स्थिति से निपटने की पांच सूत्री योजना तैयार की है । मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी। श्री केजरीवाल ने पांच सूत्री योजना का खुलासा करते हुए कहा कि यह विशेषज्ञों से विस्तृत विचार विमर्श के बाद बनाई गई है। उन्होंने कहा कि इसे पांच टी टेस्टिंग, ट्रैसिंग, ट्रीटमेंट, टीम वर्क और. ट्रैकिंग मानिटरिंग का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अभी 525 कोरोना मरीज हैं। सरकार ने उक्त तीनों अस्पतालों को कोराना अस्पताल के इलाज के लिए चिन्हित किया है।

कोरोना से लड़ रहे स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें देशवासी

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि सभी को कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ रहे स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए।

एक दूसरे के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए प्रार्थना करें

श्री मोदी ने 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' पर आज अपने संदेश में कहा, विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हम सभी को न केवल एक-दूसरे के अच्छे स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए प्रार्थना करनी चाहिए, बल्कि हमें उन सभी डॉक्टरों, नर्सों, चिकित्सा कर्मचारियों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति अपनी कृतज्ञता फिर से व्यक्त करनी चाहिए जो 'कोविड-19' के खतरे के खिलाफ जारी लड़ाई का डट कर नेतृत्व कर रहे हैं।

सामाजिक दूरी बनाए रखें

एक अन्य ट्विट में उन्होंने कहा,इस विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे मानदंडों का निरंतर पालन करेंगे जो हमारे स्वयं के जीवन के साथ-साथ दूसरों के जीवन की भी रक्षा करेंगे। मैं यह कामना करता हूं कि यह विशेष दिन हमें पूरे वर्ष निजी फिटनेस पर फोकस करने के लिए भी प्रेरित करे, जिससे हमारे समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह दिवस दुनिया भर में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है और पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस सात अप्रैल 1948 में मनाया गया था। इसके बाद से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश देने के लिए यह दिन हर वर्ष मनाया जाता है।

तबलीगी जमात:मीडिया रिपोर्टिंग के खिलाफ जमीयत पहुंचा सुको

नई दिल्ली, (वार्ता)। मुस्लिम उलेमा संगठन 'जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने तबलीगी ज़मात और मरकज मामले में मीडिया रिपोर्टिंग के जरिये साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष उठाया है। संगठन ने जनहित याचिका दायर करके मीडिया रिपोर्टिंग पर सवाल खड़ा किया है और कहा है कि मीडिया गैर-जिम्मेदारी से काम कर रहा है और कोरोना वायरस की आड़ में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाई जा रही है। याचिका में केंद्र सरकार से फर्जी खबरों के प्रकाशन एवं प्रसारण पर रोक लगाने और कट्टरपंथ तथा सांप्रदायिकता फैलाने वाले मीडियाकर्मियों और संगठनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। वकील एजाज मकबूल के माध्यम से दायर की गई याचिका में कहा गया है, इस मुद्दे को सांप्रदायिक रंग देने और पूरे मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने की मीडिया की कार्रवाई देश भर में मुसलमानों के जीवन और स्वतंत्रता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करती है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमा के साथ जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। याचिकाकर्ता की शिकायत है कि मीडिया ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जिम्मेदार रिपोर्टिंग नहीं की।

कार में डॉक्टर का 'घर', बीवी-बच्चे को छोड़ 7 दिन से रह रहे ऐसे

भोपाल (ए.)। कोरोना संक्रमितों का इलाज कर रहे डॉक्टर और नर्स अपने परिवार से दूर रहे हैं। उन्हें डर है कि उनके जरिए ये संक्रमण घर में न प्रवेश कर जाए। इसलिए अस्पताल से छुट्टी के बाद भी कई स्वास्थ्यकर्मी घर नहीं जाते हैं। भोपाल के जेपी अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर ने तो अपने लिए घर में ही घर बना लिया है। कोलार इलाके में स्थित जेपी अस्पताल में भी कोरोना के कई संदिग्ध इलाजरत हैं। इस अस्पताल के डॉक्टर कोरोना पीड़ित लोगों के लिए सैंपल लेने भी जाते हैं। ऐसे में संक्रमण का खतरा इन्हें भी रहता है। ऐसे में जेपी अस्पताल के डॉक्टर सचिन नायक ने कार में ही घर बना लिया है। वह जरूरत की सारी चीजें कार में ही रखे हैं और पिछले सात दिनों से ऐसे ही रह रहे हैं।

घर में तीन साल का बच्चा

डॉ सचिन नायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में ही 7 दिन से कार को घर बना रखा है। घर में तीन साल का छोटा बच्चा है। उन सभी को कोरोना संक्रमण से दूर रखने के लिए मैंने कार में ही रहना शुरू कर दिया। ताकि हमारे घर तक कोई संक्रमण नहीं पहुंचे।

जज्बे को सलाम

डॉ की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा कि आप जैसे कोविड-19 के विरुद्ध युद्ध लड़ रहे योद्धाओं का मैं और संपूर्ण मध्यप्रदेश अभिनंदन करता है। इसी संकल्प के साथ हम सब निरंतर आगे बढ़ें, तो यह महायुद्ध और जल्द जीत सकेंगे। सचिन जी, आपके जज्बे को सलाम।

29 लोग स्वास्थ्य विभाग के संक्रमित

कोरोना पॉजिटिव लोगों की संख्या 268 पहुंच गई है। जिसमें 29 लोग स्वास्थ्य विभाग के अफसर और कर्मचारी हैं जो कोरोना से संक्रमित हैं। ऐसे में अब डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉफों को लगता है कि परिवार तक यह संक्रमण न पहुंचे। इसलिए दूर ही रह रहे हैं। कई लोगों ने तो अपने परिवार भोपाल से बाहर भेज दिया है। भोपाल सीएमएचओ सुधीर डेहरिया भी अपने परिवार से घर के बाहर खड़े होकर ही मिलते हैं। उनकी तस्वीर भी पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी।

जांच और जागरूकता से ही हो सकता है कैंसर से बचाव

नई दिल्ली (वार्ता)। बढ़ते प्रदूषण और बदलती लाइफस्टाइल ने देश में कैंसर के मामलों को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई है लेकिन हेल्दी लाइफस्टाइल को अपनाकर कैंसर से बचाव में मदद मिल सकती है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के मेडिकल ओंकोलॉजी डायरेक्टर डॉ. विनीत तलवार ने कहा कि एक हेल्दी लाइफस्टाइल कैंसर से बचाव में मददगार हो सकती है। मोटापा, बैठे रहने वाली लाइफस्टाइल, लाल मांस जैसे आहार अलग-अलग प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ा रहे हैं। इसके साथ धूम्रपान, वायु प्रदूषण, डीजल का धुआं कैंसर के मामलों के बढ़ने के अहम कारण हैं। आधुनिक जीवन की जरूरतों से बचा नहीं जा सकता है, लेकिन अपनी सुरक्षा के लिए लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। हम जो करते हैं, वही हमारे पास लौटकर आता है। अगर हम पर्यावरण को प्रदूषित करेंगे तो यह हमें भी नुकसान पहुंचाएगा। इसलिए इस बारे में शिकायत करने से बेहतर है कि हम बचाव का रास्ता अपनाएं और जहां तक संभव हो पर्यावरण को प्रदूषित करने में भूमिका ना निभाएं। जल्दी जांच की जरूरत पर बात करते हुए आरजीसीआईआरसी के रेडिएशन ओंकोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जसकरन सिंह सेठी ने कहा कि अगर समय पर पता चल जाए तो कैंसर काफी हद तक इलाज से ठीक हो जाने वाली बीमारी है।

सेंसेक्स ने रचा इतिहास, एक दिन में पहली बार हासिल की 2527 अंकों की तेजी

नई दिल्ली(वार्ता)। ऐतिहासिक आंकड़ों के लिहाज से शेयर बाजार में आज महज एक दिन में यह अब तक की सबसे बड़ी उछाल है। सेंसेक्स में मंगलवार को 3 बजकर 04 मिनट तक 2476 अंकों का बड़ा उछाल देखने को मिला। यह आज अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। इससे पहले 18 मई, 2009 को बाजार 2,110 अंक उछला था। सेंसेक्स 1,921.15 अंकों की बड़ी उछाल के साथ 38,014.62 और निफ्टी 11,200 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 696.35 (8.61%) अंकों की तेजी के साथ खबर लिखे जाने तक 8,780.15 के स्तर पर था। बता दें कोरोना वायरस महामारी के काबू की उम्मीद ने एशियाई और यूरोपीय शेयर बाजारों में सोमवार को रौनक रही। इसका असर घरेलू शेयर बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। इसके अलावा तेल उत्पादक देशों की बैठक में देरी की वजह से कच्चे तेल की कीमतें गिरने से भी बाजार को बल मिला है।

एफसीआई ने राज्यों को पहुंचाया 18 लाख टन अनाज

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) ने कोरोना वायरस के कारण लॉकडाउन की घोषणा के बाद राज्यो को 18.54 लाख टन अनाज पहुंचाया है। एफसीआई ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए राज्यो को यह अनाज दिया है। इसके तहत गरीबों को तीन माह तक प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जाना है। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, तेलांगना, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, केरल और मिजोरम ने अनाज उठाना शुरू भी कर दिया है। एफसीआई से अगले कुछ दिनों में अन्य राज्य अनाज उठाना शुरू कर देंगे। एफसीआई लॉक डाउन के पहले की तुलना में काफी अधिक अनाज राज्यो को भेज रहा है। लॉक डाउन के पहले एफसीआई प्रति दिन औसतन 80 हजार टन अनाज राज्यो को भेजता था जो अब बढ़कर एक लाख 41 हजार टन हो गया है।

एयू बैंक की जमाओं में 34%की वृद्धि

जयपुर। वित्त वर्ष 2019-20 और चौथी तिमाही में एयू स्माल फाइनेंस बैंक की जमाओं में 34 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। गौरतलब है कि दिसंबर 2019 तिमाही की तुलना में भी बैंक की जमा डिस्बर्समेंट 9 फीसदी बढ़कर 26,133 करोड़ रुपए हो गई। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई सूचना में यह जानकारी दी गई है। सोमवार को जारी अनंकेशित आंशिक परिणाम में बताया गया है कि बैंक ने सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया है। वित्तीय परिणामों के मुताबिक बैंक की कैपिटल एडिक्वेसी भी बेहतर होकर 21.2 फीसदी हो गई। टियर वन कैपिटल एडिक्वेसी भी 18.5 फीसदी पर पहुंच गई है। बैंक के पोर्टफोलियो क्वालिटी में सुधार आया है। बैंक का सकल एनपीए और नेट एनपीए रेश्यो दिसंबर 2019 तिमाही से बेहतर यानी क्रमशः 1.9 फीसदी और 0.97 फीसदी रहा। 31 मार्च, 2020 को बैंक के पास 4,900 करोड़ रुपए से अधिक लिक्विडिटी थी। इसके साथ बैंक ने बिजनेस ग्रोथ को बरकरार रखते हुए रिटेल लोन को 38 फीसदी बढ़ाया है। बैंक के कुल लोन में 28 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

विराट की स्लेजिंग करने से डरते हैं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी : क्लार्क

मेलबोर्न (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान माइकल क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को लेकर बड़ा और विवादास्पद बयान देते हुए कहा है कि आईपीएल में अच्छा करार हासिल करने की वजह से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भारतीय कप्तान विराट कोहली के प्रति नरम रहते हैं और उनकी स्लेजिंग करने से डरते हैं। क्लार्क ने बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट पर बातचीत में कहा, ÷सब जानते है कि आईपीएल के साथ अंतरराष्ट्रीय या घरेलू स्तर पर खेल के वित्तीय भाग के तौर पर भारत बेहद शक्तिशाली है। आईपीएल तो वैसे भी बेशुमारदौलत से भरपूर है जहां खिलाड़ियों को मोटी रकम मिलती है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट या फिर विश्व की कोई और अन्य टीम भारत के खिलाफबेहद नरम हो गयी है। कोई भी खिलाड़ी या टीम विराट या किसी अन्य भारतीय खिलाड़ी की स्लेजिंग करने से बहुत डरते थे क्योंकि उन्हें अप्रैल में उन्हीं के साथ आईपीएल खेलना होता है। ऑस्ट्रेलिया को भारत से पिछली घरेलू टेस्ट सीरीज में पहली बार 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

चेन्नई से बेहतर बन गयी हैं मुंबई इंडियंस : मांजरेकर

मुंबई (वार्ता)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज एवं क्रिकेट कमेंटेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले गत चैंपियन मुंबई इंडियंस ज्यादा बेहतर टीम बन गयी है। मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड के दौरान यह बात कही। मांजरेकर ने कहा, आईपीएल पिछले 12 वर्षों से लगातार खेला जा रहा है और जब हम जीत का प्रतिशत देखते हैं तो उससे चेन्नई सुपर किंग्स का रिकार्ड काफी अच्छा रहा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों के दौरान मुंबई इंडियंस ने कई बार खिताब जीतकर अपनी दावेदारी को काफी मजबूत किया है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज मांजरेकर ने कहा, मुंबई इंडियंस ने चार बार आईपीएल का खिताब जीता है जबकि चेन्नई ने तीन बार। यदि हम देखें तो पिछले कुछ वर्षों के दौरान मुंबई इंडियंस एक बेहतर टीम के रूप में उभर रही है जिसने चेन्नई के वर्चस्व को चुनौती दी है। वास्तव में मुंबई इंडियंस चेन्नई से एक बेहतर टीम के रूप में सामने आई है। क्रिकेट कमेंटेटर ने कहा, मुंबई इंडियंस का फाइनल में जीत का प्रतिशत चेन्नई के मुकाबले बेहतर रहा है।

पाक को बड़ा झटका : छह राहत पैकेज की दूसरी समीक्षा टाली

इस्लामाबाद (ए.)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए छह अरब डॉलर के राहत पैकेज की शुक्रवार को होने वाली दूसरी समीक्षा को यह कहते हुए टाल दिया है कि वह तय कार्रवाइयों को लागू करने में देरी कर रहा है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान को तीन साल में छह अरब डॉलर का कर्ज देने को मंजूरी दी थी। बदले में पाकिस्तान को कुछ बेहद सख्त उपायों को लागू करना था।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने सत्ता में आने के बाद एक बेलआउट पैकेज के लिए अगस्त 2018 में आईएमएफ से संपर्क किया था। खान को बढ़ते आर्थिक संकट के कारण चीन, सऊदी अरब और यूएई से कर्ज लेने के बावजूद आईएमएफ का रुख करना पड़ा। आईएमएफ ने राहत पैकेज की दूसरी समीक्षा को स्थगित किए जाने की पुष्टि की है, लेकिन कहा कि 1.4 अरब डॉलर के त्वरित वित्तपोषण सुविधा के लिए उसकी प्राथमिकताएं अब बदल गई हैं।

पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून को बताया कि आईएमएफने 10 महीने पुराने ऋण कार्यक्रम की दूसरी समीक्षा को मंजूरी देने में किसी देरी के बारे में उसे नहीं बताया है।

सारा ने भोर भयो पनघट पे किया कत्थक डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने जीनत अमान अभिनीत फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम के एक सुपरहिट गाने 'भोर भयो पनघट पे' कत्थक डांस किया है, जो लोगों को बेहद पसंद आ रहा है। कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए लॉकडाउन की वजह से बॉलीवुड स्टार भी अपने-अपने घरों में लॉक हैं। इसके बाद भी सारा अली खान इन दिनों फैंस को जमकर एंटरटेन कर रही हैं। सारा अली खान ने जीनत अमान के एक गाने पर धमाकेदार कत्थक डांस किया है। सारा ने जीनत अमान का गाना 'भोर भयो पनघट पे', पर डांस किया है। सारा का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को शेयर करते हुए सारा ने सोशल मीडिया पर लिखा, आज की प्रेरणा.. सारा का सुझाव- डांस एडिशन.. किसी भी पिछले एडिशन को फिर से देखें .. रियाज, प्रशिक्षण, पुनरावृत्ति .. इस सभी का नतीजा मिलेगा .. और निश्चित रूप से- मुझे इसका उल्लेख करना चाहिए कि क्वारंटाइन की स्थिति में कोई भी दिनचर्या आपकी मदद करेगी। हैशटैग सारा की शायरी हैशटैग क्वारंटाइन की तैयारी हैशटैग स्टेहोम हैशटैग स्टे सेफ

ऋतिक ने कोरोना के खिलाफ जंग की तुलना शतरंज से की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन ने कोरोना वायरस के खिलाफ जंग की तुलना शतरंज के खेल से की है। कोरोना वायरस के खिलाफजंग में बॉलीवुड के अन्य स्टार की तरह ऋतिक रोशन भी लोगों को इस वायरस के प्रति जागरूक कर रहे हैं। ऋतिक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने कोरोना के खिलाफ जंग की तुलना शतरंज के खेल से की है। ऋतिक ने अपने बेटे की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो शतरंज खेलते हुए देखे जा सकते हैं। ऋतिक ने इस तस्वीर के कैप्शन में लिखा, फोकस, अपना ध्यान बनाएं रखें। सभी नियमों का पालन करो। पहले से ही अगले कुछ स्टेप्स दिमाग में तैयार रखो। हमेशा तैयार रहो। आपको कुछ चीजों का बलिदान देना पड़ सकता है। लेकिन, ठीक है अपने हर कदम के नफे-नुकसान के बारे में सोचो। ऋतिक ने लिखा, गलतियों के चलते जान का खतरा हो सकता है।

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक करेगी अमिताभ की 'फैमिली'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाने के लिये फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारो के साथ मिलकर शॉर्ट फिल्म फैमिली बनायी है। कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण देशभर में लॉकडाउन है। कोरोना की जंग से लड़ने के लिए फिल्मी सितारे लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। अमिताभ ने लोगों के बीच कोरोना को लेकर जागरूकता के लिए फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारो के साथ मिलकर शॉर्ट फिल्म 'फैमिली' बनायी है। इस शॉर्ट फिल्म की खासियत है कि इसे सभी ने अपने घरों से शूट किया है। यह फिल्म न केवल लोगों को जागरूक करेगी बल्कि दर्शकों का मनोरंजन भी करेगी।

निर्धन परिवारों को निःशुल्क वितरित की गईं 62 क्विंटल सब्जियां

■ लॉकडाउन के दौरान दानदाताओं की संख्या रोजाना बढ़ने से गरीबों-निराश्रितों को मिल रही बड़ी राहत

धमतरी। कोरोना वायरस कोविद-19 के संभावित संक्रमण के नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रजत बंसल ने जिले में धारा 144 लागू कर दी है, साथ ही 25 मार्च से 14 अप्रैल तक तालाबंदी भी जारी है। इसी क्रम में नगर के स्लम क्षेत्रों सहित विभिन्न वार्डों में निवासरत निराश्रितों, गरीबों व दिहाड़ी मजदूर, जो कि लॉकडाउन से सर्वाधिक प्रभावित हैं, को जिला प्रशासन सहित अलग-अलग स्वयंसेवी संगठनों के द्वारा लगातार सहयोग के तौर पर राशन व सब्जियां वितरित की जा रही हैं। आज नगर निगम धमतरी के 11 वार्डों में निवासरत दो हजार 125 परिवारों को 62 क्विंटल से अधिक सब्जियां निःशुल्क वितरित की गईं।

सहायक संचालक उद्यानिकी श्री डी.एस. कुशवाहा ने बताया कि स्थानीय सामुदायिक भवन में स्थापित किए गए राहत सेंटर में सब्जी उत्पादकों एवं विक्रेताओं द्वारा परिवहन कर बैंगन, लौकी, टमाटर, मिर्च, बरबट्टी, भिण्डी सहित विभिन्न प्रकार की हरी भाजियां निःशुल्क वितरण हेतु प्रतिदिन लाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सेंटर में आज कुल 62 क्विंटल सब्जियां दान के तौर पर मिलीं, जिन्हें शहर के 11 वार्डों में रहने वाले 2125 परिवारों को निःशुल्क बांटी गई। श्री कुशवाहा ने बताया कि नगर निगम धमतरी के दानीटोला वार्ड में अटल आवास के 35 परिवारों को, महिमासागर वार्ड में शीतला मंदिर के पीछे तालाब पार के 115 परिवारों, को, दानीटोला वार्ड में सतनामीपारा में 50 परिवार को, महात्मागांधी वार्ड के कंडरापारा में 75 परिवारों को सब्जी निःशुल्क वितरित की गई। इसके अलावा रामपुर वार्ड के 50 परिवार, सदर दक्षिण वार्ड के 30 परिवार, बांसपारा वार्ड के 200 परिवार, हटकेशर वार्ड के 500 परिवार, शीतलापारा 0वार्ड के 250 परिवार, सुभाषनगर वार्ड के 120 परिवार तथा नवापारा वार्ड के 700 परिवारों को सब्जियां वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों 16 क्विंटल सब्जियां दान हेतु प्राप्त हुई थीं, जिन्हें उसी दिन वितरित कराई गई। इससे लॉक डाउन की आसन्न स्थिति में गरीब, निराश्रित और दिहाड़ी मजदूर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है।

नगर पालिका सभापति देवीचंद राठी के जन्मदिन पर प्रकाश चंद्राकर ने दी बधाई

महासमुंद। नगर पालिका सभापति देवीचंद राठी के जन्मदिन के अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। बता दें कि कोरोना वायरस जैसे संक्रमण का प्रभाव जन्मदिन पर भी देखा जा रहा है। लोगों के जन्मदिन पर जहां लोग गिफ्ट आदि देना का प्रचलन रहां है, लेकिन कोरोना वायरस का असर तीज त्योहार पर ही नहीं लोगों के जन्मदिन पर भी इसका प्रभाव देखा जा रहा है। ऐसा ही वाक्या रविवार को देखने को मिला। जब नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर जन्मदिन की बधाई देने सभापति देवीचंद राठी के निवास पहुंचे थे। पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने श्री राठी को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए गिफ्ट के तौर पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए डिटोल और सैनिटाइजर कीट भेंट की।

जंगल में फंदे से लटकी मिली युवक-युवती की लाश

■ घटना से गांव में दहशत का माहौल

मगरलोड।। धमतरी जिले के मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम मोहेरा के घने जंगल मे युवक-युवती के फंदे पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। शव सड़ने लग गया है और बदबू भी दे रहा है। सोमवार को मोहेरा बीट के वनरक्षक मनोज कुमार गायकवाड़ व चौकीदार के साथ हर दिन कि तरह जंगल की सुरक्षा के लिए बीट भ्रमण पर निकले थे । उन्होंने ने भ्रमण के दौरान शाम 5 बजे पहाड़ी के बीच घने जंगल मे कुरू पेड़ पर प्रेमी जोड़ी को दुपट्टा के सहारे फाँसी पर लटका हुआ देखा । वनरक्षक ने घटना की जानकारी कोटवार को दी।कोटवार ने इनकी सूचना थाने को दी। बताया जा रहा है कि शव दो तीन दिन पुराना है। शाम होने के कारण पुलिस घटनास्थल में पहुँच नहीं सकी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों युवक युवती कहां के हैं और उनकी मौत कैसे हुई है प्रथम दृष्ट्या में आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। शाम को कोटवार के जरिये सूचना मिली है कि ग्राम मोहेरा के जंगल मे प्रेमी जोड़ी ने फाँसी लगाकर खुदकुशी की है ।शाम होने कारण घटनास्थल पर नहीं जा पाये। मंगलवार को आगे की कार्यवाही की जावेगी।

आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर जब्त की 16 लीटर महुआ शराब

धमतरी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से लॉक डाउन की अवधि में मदिरा दुकानों को बंद रखने हेतु आदेशित किया गया है। इसके बावजूद नगरी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की शिकायत प्राप्त हुई, जिस पर आबकारी विभाग की टीम द्वारा दबिश दी गयी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि बाजारपारा नगरी निवासी आरोपी श्री जितेन्द्र, श्री अंजोर, अमरौतिन तथा सौरज के आधिपत्य से क्रमशः चार लीटर, साढ़े चार लीटर साढ़े तीन लीटर तथा चार लीटर, कुल जमा 16 लीटर महुआ शराब बरामद कर चारों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार किया गया।

कृषि विभाग के द्वारा नगर निगम को 5 नग बैटरी पावर स्प्रेयर प्रदान किया गया

धमतरी। स्पेयर से सेनीटाइज करने का काम जो नगर निगम के द्वारा और अधिक से अधिक किया जा सके। नगर निगम के कर्मचारियों को कम मेहनत से ज्यादा से ज्यादा सेनीटाइज कर सकते हैं नगर निगम के महापौर विजय देवांगन, सभापति अनुराग मसीह, एमआईसी प्रभारी राजेश पांडे को कृषि विभाग के अधिकारी जी,एस कौशल (उपसंचालक कृषि धमतरी) मनोज सागर (नोडल किसान बाजार कृषि) डी,के बरिया (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धमतरी) प्रणय लाल (सहायक प्रशासनिक अधिकारी किसान बाजार) के द्वारा सौंपा गया कृषि विभाग के द्वारा स्पेयर को चलाकर दिखाया गया जिसे निगम स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को तत्काल इस स्प्रे से सैनिटाइज करने का निर्देश महापौर सभापति के द्वारा दिया गय।

छत्तीसगढ़ी सोनार समाज ने 20 परिवारों को पहुंचाई राहत सामग्री

महासमुंद। छत्तीसगढ़िया सोनार समाज के सदस्यों ने सोमवार को समाज के अति निर्धन परिवार को राशन सामान का वितरण किया। इस दौरान समाज के उन निर्धन परिवारों को मदद की गई जो लॉकडाउन से प्रभावित हैं और उनकी आमदनी बंद हो जाने से रोजमर्रा के सामानों के लिए भी परेशानी हो रही है। इस दौरान समाज के जिलाध्यक्ष जीवन सोनी, सितेश सोनी, घनश्याम सोनी, चिरंजीव सोनी, गिरीश सोनी, बसंत सोनी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी ने सहयोग प्रदान किया। पदाधिकारियों ने इस दौरान शहर के करीब 20 घरों में सामग्री पहुंचाई और कुछ परिवारों को आर्थिक सहयोग किया तथा अनाज की समस्या होने पर भी तत्काल सूचित करने कहा। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए लोगों को घरों में सुरक्षित रहने की हिदायत दी।

सूखा राशन में कीड़े मिलने की शिकायत

महासमुंद। मुनगासेर स्कूल में सूखा राशन में कीड़ेयुक्त दाल वितरित किए जाने की शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति जताते हुए डायल 112 को सूचना दी। ग्रामीणों ने जिला शिक्षा अधिकारी को वाट्सअप पर इसकी शिकायत करते हुए जांच की मांग की है। ग्रामीण राजेंद्र कुमार, आत्माराम, गणेशराम, पुरानिक आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मिडिल स्कूल में सूखा राशन वितरण के दौरान गुणवत्ताहीन दाल थमा दिया गया। जिसमें कीड़े निकल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दाल में कीड़े निकलने की शिकायत डायल 112 में की। जिस पर डायल 112 के कर्मचारियों ने खाद्य विभाग का नंबर दिया। जिसमें संपर्क करने पर बीईओ से शिकायत करने की सलाह दी। अब पालकों ने डीइओ से कार्रवाई की मांग की है।

सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए वृक्ष प्रेमी ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 मार्च रविवार को जनता कर्फ्यू का आव्हान किया, तो वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 31 मार्च तक पूरे प्रदेश में कर्फ्यू का ऐलान कर दिया, लेकिन इसके बाद भी यह महामारी इतनी विकराल हो गई है कि बीती रात देश के प्रधानमंत्री ने 25 मार्च से 21 दिनों तक पूरे देश में कर्फ्यू घोषित कर दिया है। इस कर्फ्यू में जरूरी वस्तुओं की दुकानों को राहत दी है, यह दुकाने सुबह 7 बजे से 12 बजे तक चालू रहेंगी। इधर नगर पालिक निगम राजनांदगांव में भी अपने नगरवासियों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर नजर आ रहा है।

कलेक्टर ने किया सड़क चिरचारी राहत कैम्प का निरीक्षण

■ श्रमिकों को सोशल डिस्टेनसिंग के साथ रहने की समझाइश दी

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने बाग नदी बॉर्डर स्थित सड़क चिरचारी राहत कैम्प का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने खाने में साफ-सफाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना वायरस से बचाव के लिए श्रमिकों को सोशल डिस्टेनसिंग के साथ रहने की समझाइश दी। वहां उपस्थित मेडिकल स्टाफ को सभी का चेकअप करने के निर्देश दिए।

राहत कैम्प में श्रमिक सोशल डिस्टेनसिंग के अनुसार कतारबद्ध होकर भोजन ले रहे हैं। उनके लिए प्रोजेक्टर की व्यवस्था की गई है, ताकि वे कार्यक्रम देख सकें। इसके साथ ही वहां उनके खेलने के लिये वॉलीबॉल, फुटबाल, लूडो कैरम की व्यवस्था की गई है, ताकि वे व्यस्त रहें। राहत शिविर में कल 29 व्यक्ति एवं 8 बच्चे भी आये, जो छुरिया तहसील के ग्राम रायपुर एवं बिसाहटोला के हैं। उन्हें भी कपड़ा, साबून, तेल, नाश्ता वितरण किया गया और सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

दादा जी ग्रुप वेलफेयर सोसाइटी बुद्धजीवी लोगों का करेगी सम्मान

राजनांदगांव। शहर की सेवा भावी संस्था श्री दादा जी ग्रुप वेलफेयर सोसाइटी शहर के उन बुद्धजीवी लोगों का सम्मान करेगी जो इस विषम आपदा के समय विदेशों से या अन्य राज्यों से लौट कर अपने आने की जानकारी स्वयं प्रशासन को देकर अपने आप को एक निश्चित समयावधि तक परिवार जनों और शहर के लोगो से अपने आप को अलग रख कर एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दिया। उन्होंने ऐसा करके अपने परिवार जन मित्रगण और शहर की जनता को इस संक्रमण से बचाने में अहम भूमिका अदा की हैं।

पुरानी रंजिश पर युवक से मारपीट

महासमुंद। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिजेमाल में पुरानी रंजिश पर युवकों में मारपीट हो गई। दीपक मांझी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 5 अप्रैल की सुबह 10 बजे गांव की बोरिंग के पास वह खड़ा था तभी मनीराम पाइक ने पुरानी बात पर गाली गलौज करते हुए मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ धरा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जुआ खेलते 6 सपड़ाए

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बाराडोली में तालाब के पास जुआ खेल रहे 6 व्यक्तियों को पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से दो मोटर साइकिल, नकदी 3 हजार रुपए जब्त की। जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 188, 269, 270 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में एसआई जितेंद्र विजयवार, प्रधान आरक्षक सतीश पांडे, आरक्षक चंद्रमणि यादव, दिलीप पटेल, सैनिक संजू यादव का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व गायत्री परिवार द्वारा खाद्यान्न सामाग्री जुटा दी जा रही मदद

अर्जुनी। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से जंहा कई देशों में सैकड़ों हजारो लोग इसके चपेट में आकर अपने जान गंवा बैठे है । जो विश्वव्यापी महामारी के रूप में हम सब के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है जिसका संक्रमण भारत मे भी फैला हुआ है । अतः ईसके संक्रमण के बचाव के लिए सब अपने अपने स्तर पर लगे हुए है, व योगदान भी कर रहे है। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लॉक डाउन के आह्वान पर समुचा भारत समर्थन में इसका पालन कर रहे हैं जिसके मद्देनजर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व गायत्री परिवार अर्जुनी के स्वयंसेवको व सदस्यों द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण के मद्देनजर सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए गरीब व जरूरतमंद परिवारो के लिए खाद्यान्न सामग्री का व्यवस्था किया जा रहा है। इन खाद्यान्न सामग्रियों की व्यवस्था स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ अर्जुनी में दानदाताओं के मदद से एकत्रित कर जिसमे चावल ,दाल,आलू जैसे सामाग्री जुटा कर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचा कर मदद किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी सचिव चेतेंद्र वर्मा व मोपर सरपंच प्रतिनिधि ने दी सहायता राशि

अर्जुनी। विश्व मे इस वक्त कोरोना वायरस का संक्रमण फैला हुआ है जो हमारे देश व प्रदेश में भी फैल चुका है संक्रमण के रोकथाम के लिए देश प्रदेश में लॉकडाउन किया गया है इस विकट परिस्थितियों को देखते हुए मोपर सरपंच प्रतिनिधि द्वारा मुख्यमंत्री राहत आपदा कोष में अपने ग्राम मोपर के तरफ से 12900रु उसके साथ ग्राम मल्दी से चेतेंद्र(चिनु)वर्मा के तरफ से 1000रु और साथ मे देवरानी गांव से 1000रु का नगद राशि मुख्यमंत्री कोष में दिया गया जिला अध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्ष के निर्देश अनुसार ब्लाक अध्यक्ष भारत वर्मा को प्रदान किया गया , साथ ही पुलिस डॉक्टर्स स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य को सराहा व क्षेत्र के जनताओं से अपील किया गया कि लॉक डाउन का पालन करे इस वायरस से एकजुट होकर जीत सकते है।।व जो समाज सेवी संस्था भूखे प्यासे को खाना पानी दे रहे है उनको धन्यवाद प्रेषित किया है।

लॉकडाउन का उल्लंघन कर जुआ खेल रहे चार पकड़ाए

महासमुंद। तेंदूकोना बाजार पारा में भी पुलिस ने जुआ खेलते 4 लोगों को रंगे हाथों पकड़ा। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम सवा 6 बजे पुलिस को जुआ फड़ संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने बाजार पारा में दबिश दी और घेराबंदी करते हुए चार लोगों को पकड़ा। इनमें गणेश शंकर अग्रवाल (40), दीपक अग्रवाल (35), विवेक ऊर्फ लाला अग्रवाल (40) और कोमल अग्रवाल (24) शामिल हैं। इनके पास से नकदी 26 हजार 250 रुपए, चार नग मोबाइल जब्त किया गया। जिले में धारा 144 लागू होने पर नियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर धारा 188, 269, 270 के तहत गिरफ्तार किया गया।

सालभर के बच्चे को दादा-दादी के पास भेज ड्यूटी कर रहीं सिस्टर लिशा

महासमुंद। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सिस्टर लिशा जिसबिन कोरोना वायरस संक्रमण एवं रोकथाम दल में हैं। उन्हें संदिग्ध मरीजों और विदेश से आने वाले लोगों के बीच जांच के लिए जाना पड़ता है। दो दिन पहले ही वह इमलीभाठा क्षेत्र में विदेश से लौटे एक व्यक्ति के घर जांच के लिए गईं थीं, जहां एक ही परिवार के पांच सदस्य होम आसोलेशन में हैं। कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए लिशा ने अपने सालभर के बच्चे कियान को खुद से दूर कर लिया है। कियान इस समय लिशा के ससुराल दुर्ग में अपने दादा-दादी के पास है। लिशा एमपीडब्ल्यू कॉलेज में ड्यूटी कर रही हैं, इसी परिसर में जिला क्वारेंटाइन सेंटर है। लिशा बताती हैं कि कियान को भेजे हुए दो हफ्ते बीत चुके हैं। मैं रोजाना वीडियो कॉल में ही उसे देखती हूं।

भारतीय बौद्ध महासभा ने बांटीं भोजन सामग्री

महासमुंद। नोवेल कोरोना वायरस के कारण हुए 21 दिन के लॉकडाउन के कारण दिहाड़ी मजदूरों, गरीब जनता को आवश्यकता की सामग्री की हुई कमी का देखते हुए भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद के पदाधिकारियों ने गरीब जनता को 5 अप्रैल को नयापारा क्षेत्र में चावल, दाल, प्याज तेल, मास्क, साबुन इत्यादि भोजन सामग्री वितरण किया। समाज के 30 परिवारों को उक्त सामग्री किट बनाकर वितरण किया। जिसमें भारतीय बौद्ध समाज के अध्यक्ष शंकर नंदेश्वर एवं पदाधिकारी पीजी बंसोड़, सतीश उके, राजेश गजभिए, दिलीप मोटघरे, भीमराव घोड़ेसवार, डॉ नंदकिशोर, मंडो, भाऊराव बेलेकर, अनिल सहारे, संजय वासनिक, बीपी मेश्राम, शालिनी गायगौरे, मुकुंदराव घोड़ेसवार ने सहयोग प्रदान किया।

उन्होंने सामग्री वितरण कर कोरोना वायरस से बचाव के उपाय भी समाज के लोगों को बताया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम ने किया....

प्रशासन को सौंपी। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। रायपुर कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आरिफ शेख, जिला पंचायत रायपुर के सीईओ डॉ. गौरव कुमार सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे।

'डोनेशन ऑन व्हील्स' अभियान के तहत विभिन्न कालोनियों, व्यावसायिक परिसरों में जिला प्रशासन का विशेष वाहन पहुंचकर लोगों से राशन पैकेट संकलित करेगा। दानदाता 5 किलोग्राम चावल, 2 किलोग्राम आटा, आधा किलोग्राम दाल, आधा किलोग्राम नमक व एक नग साबुन शामिल कर राशन पैकेट तैयार कर सकते हैं। सहयोग की इच्छुक संस्थाएं, व्यवसायिक परिसर व कॉलोनियों के निवासी आदि इस सुविधा का लाभ उठाने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के दूरभाष क्रमांक- 9669577888 या रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (जनसपंर्क) आशीष मिश्रा के दूरभाष क्रमांक- 9685792100 पर संपर्क कर वाहन के पहुंचने के दिनांक व समय की जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान के तहत छह वाहन शहर में चलाए जाएंगे।

मीटर रीडिंग...

दरअसल उपभोक्ताओं के परिसर की मीटर रीडिंग ,स्पाट बिलिंग , नगदी भुगतान के कार्यो को स्पॉट बिलिंग अथवा मेनुअली नहीं करने से कोरोना वाइरस के संक्रमण को रोका जा सकेगा। निम्न दाब उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल तक बिना अधिभार (सर चार्ज) के विभिन्न बिल संग्रहण केंन्द्रों में बिल भुगतान करने की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

उपभोक्ताओं के हितों का रखा जा रहा ध्यान

कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के दौरान बिजली बिलिंग, स्पाट मीटर रीडिंग, एवं नकद भुगतान कार्य में रुकावट से निम्नदाब उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इस हेतु पावर कंपनी उपभोक्ताओं के हित में कदम उठा रही है।

सभी माहों के विद्युत देयकों में घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य शासन की हाफ रेट पर बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक आधे दाम पर बिजली की छूट का पूरा-पूरा लाभ दिया जाएगा।

लॉकडाउन बढ़ाने पर...

कहा था कि लॉकडाउन को आगे बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। हालांकि बताया जा रहा है अब उनका यह ट्वीट डिलीट कर दिया गय है।

भारत ने नहीं दी...

लोगों के लिए जरूरी दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। सरकार-विपक्ष में तू तू- मैं मैं इसलिए

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने पैरासिटामोल और मलेरिया की दवाई हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध को आंशिक रूप से हटाने की बात कही है। कहा गया है कि अगर मांग के अनुरूप आपूर्ति रही तो फिर कुछ हद तक निर्यात की अनुमति दी जा सकती है। भारत ने यह भी कहा है कि वह इन दवाओं को उन जरूरतमंद देशों को भी भेजेगा जो इस बीमारी से सबसे अधिक ग्रसित हैं।

दोस्ती को मतलब...

भाजपा सरकार को फिर उस सब पर विचार करना चाहिए जो वह दूसरे देशों के लिए कर रही है।

अमेरिका समेत 20...

की थी कि भारत अमेरिका को हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन उपलब्ध कराए।

कोरोना से निपटने...

कमी कर विदेश दौरों पर रोक लगाने की सख्त आवश्यकता है।

जागरूकता वाले विज्ञापनों को छोड़ अन्य पर लगाएं रोक

सोनिया गांधी ने कहा कि सबसे पहले सरकार को टेलीविजन, प्रिंट एवं ऑनलाइन विज्ञापनों पर दो साल के लिए रोक लगाकर यह पैसा कोरोना वायरस से उत्पन्न संकट से जूझने में लगाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोविड-19 सम्बन्धी परामर्श या स्वास्थ्य से संबंधित विज्ञापनों को इस बंदिश से बाहर रखा जाना चाहिए। उनका कहना था कि केंद्र सरकार विज्ञापनों पर हर साल लगभग 1,250 करोड़ रुपये खर्च करती है और उस पर रोक से कोरोना से अर्थव्यवस्था तथा समाज को होने वाले नुकसान की भरपाई करने में बड़ी मदद मिल सकती है।

नाई, धोबी और...

धोबी बोला-चलती-फिरती दुकान पर सख्त नहीं प्रशासन

शारीरिक रूप से कमजोर लेकिन साफ-सफाई को लेकर जागरूक कई धोबी ने अपने पुश्तैनी धंधे को छोड़कर ठेला पर फल बेचना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि उनकी चलती फिरती दुकान पर प्रशासन सख्त नहीं है क्योंकि फल और सब्जी रोजमर्रा की जरूरत है।

हलवाई नहीं ले पा रहे निर्णय

दुकान के भीतर मिठाई और खाने पीने का अन्य सामान तैयार करने वाले हलवाई तुरंत नए व्यवसाय को लेकर ठोस निर्णय नहीं कर पा रहे हैं। कबाड़ी, ठेला, रिक्शा चलाने और इस प्रकार के अन्य कार्य करने वाले ज्यादातर लोग साझेदारी में सब्जी बेच रहे हैं।

ई रिक्शा का उपयोग सब्जी बेचने में: दर्जी का काम कर अपने परिवार की परवरिश करने वाले लोग नए पेशे की तलाश को लेकर उधेड़ बुन में लगे हैं। ई-रिक्शा के चलने पर भी पाबंदी है लेकिन इसे चलाने वाले लोग इसका इस्तेमाल सब्जी बेचने में करते दिख रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

■ न्यूज गैलरी

बेटे ने तार से पिता का गला घोंटा, हत्या के बाद फंदे में टांग दी लाश

कोरबा । कोरबा के पसान थाना के सेन्हा गांव के 25 वर्षीय युवक विश्वनाथ चौधरी ने घरेलु विवाद के कारण अपने पिता बुद्धु राम उम्र 55 वर्ष की जीआई तार से गला घोटकर हत्या कर दी थी। वारदात को आत्महत्या का शक्ल देने के लिए विश्वनाथ ने पिता की लाश को फांसी के फंदे पर लटका दिया था। जिसकी सूचना उसने ग्राम पंचायत के सरपंच सहदेव सिंह उइके के माध्यम से पसान थाना में दी थी। जिसमें उसने पिता को आदतन शराबी होने और बुधवार को लड़ाई-झगड़ा करने के बाद भागकर अपनी मां के साथ सरपंच के घर में रात ठहरने और अगली सुबह लौटने पर घर में लकड़ी के म्यार में बिजली तार से फांसी के फंदे पर पिता की लाश देखना बताया। लेकिन पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर ने बुद्धु राम की मौत गला में जी आई तार से गला घोटने पर दम घुटने से होना लेख किया। जिसपर आरोपी विश्वनाथ चौधरी का कृत्य धारा 302,201 भादवि का पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

इन्सीडेन्ट कमाण्डर नियुक्त

बीजापुर। नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु तथा इन प्रसायों से निर्मित विकट स्थिति के परिप्रेक्ष्य में सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के.डी. कुंजाम ने कोरोनाा नियंत्रण के निर्देशों को लागू करने के लिए अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा तहसील स्तर पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी को इन्सीडेन्ट कमाण्डर तैनात किया गया है। तैनात इन्सीडेन्ट अपने निर्धारित क्षेत्र में निर्देशों के पालन हेतु जिम्मेदार होंगे तथा उक्त क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी इन्सीडेन्ट कमाण्डर के निर्देशों के अंतर्गत कार्य करेंगे। आवश्यक मूवमेंट हेतु इन्सीडेन्ट कमाण्डर द्वारा पास जारी किया जावेगा। इन्सीडेन्ट, कमाण्डर विशेष रूप से अस्पताल अधोसंरचना के विस्तार के लिए आवश्यक संसाधन, वस्तुएं एवं सामग्री बिना किसी रूकावट के उपलब्ध होना सुनिश्चित करेंगे।

पेयजल व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित

बीजापुर। नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण हेतु तथा इन प्रसायों से निर्मित विकट स्थिति के परिप्रेक्ष्य में सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के.डी. कुंजाम ने कोरोनाा नियंत्रण के निर्देशों को लागू करने के लिए अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा तहसील स्तर पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी को इन्सीडेन्ट कमाण्डर तैनात किया गया है। तैनात इन्सीडेन्ट अपने निर्धारित क्षेत्र में निर्देशों के पालन हेतु जिम्मेदार होंगे तथा उक्त क्षेत्र के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी इन्सीडेन्ट कमाण्डर के निर्देशों के अंतर्गत कार्य करेंगे।

26 वाहनों का कटा चालन, 5200 की हुई वसूली

काँकेर। कोरोना वायरस आपदा से एक ओर समूचा देश लड़ने में जुटा हुआ है।और इस लड़ाई में कुछ लोग लाकडाउन का खुलेआम उल्लंघन करते नज़र आ रहे है।लाकडाउन का पालन नही किए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक एम आर अहिरे के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर सर के के निर्देशानुसार तथा जिला के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों के मार्गदर्शन मे यातायात पुलिस कांकेर द्वारा दो पार्टी बनाकर पंडरीपानी चौक कांकेर एवं गड़पिछ्वाडी चौक पर मोबाइल चेक पोस्ट लगाकर समस्त आने जाने वाले वाहन व्यक्तियों की चेकिंग की गई. दौरान चेकिंग यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल26 वाहन चालक एवं मालिकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की पृथक पृथक धाराओं सहित चालानी कार्यवाही कर सभी से पृथक पृथक जुर्माना के रूप मे पांच हज़ार दो सौ रुपये सम्मन के रूप मे भरवाया गया।निरंतर यातायात पुलिस द्वारा चेक पोस्ट लगाकर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग जारी है

कोरोना महामारी को लेकर नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी ने दिया 11 हजार चेक

काँकेर। काँकेर जिले के प्रतिष्ठित व्यापारी एम आर सुपर माल के संचालक हाजी रहीम मेमन के सुपुत्र हाजी सद्दाम मेमन ने 6 अप्रैल को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा कोरोना की वैश्विक महामारी के रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे कदम को सार्थक बताते व छत्तीसगढ़ सरकार के कामो से प्रभावित होकर रूबा कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक सद्दाम मेमन के द्वारा अपनी पुत्री रूबा मे5मन के हाथों 11000 का चेक कांकेर कलेक्टर के.एल.चौहान को सौंपा गया।इसी तरह एमआर कंपनी के संचालक मोहम्मद रहीम के द्वारा भी अपनी पोती रूबा मेमन के हाथों 11000 का चेक भी भेजा गया।जिसे बच्ची रूबा मेंमन ने कांकेर कलेक्टर श्री केएल चौहान को अपने नन्हें हाथों से सौंपा चेक देने के दौरान 3 साल की छोटी बच्ची रूबा मेमन में काफी उत्साह देखा गया ।

राजस्थान के 96 मजदूरों से मिलने पहुंचे सांसद, जाना हालचाल

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर /नरहरपुर। कोरोना संक्रमण के पश्चात जहां एक ओर पूरे देश मे लॉक डाउन की स्थिति चल रही है। जिनका जायजा लेने आज सासंद लोकसभा कांकेर मोहन मंडावी ने नरहरपुर क्षेत्रों का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने अटल चौक में पहुचकर वहां पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद महावीर जयंती के उपलक्ष्य में जैन मारवाड़ी समाज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया जिसके बाद नगर पंचायत कार्यालय में मजदूरों को खाद्य सामग्री के साथ साथ मास्क का वितरण किया गया। जिसके बाद नगर के आईटीआई भवन में ठहरे राजस्थान के 96 मजदूरों के बीच पहुंचकर उनके स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली एवं साथ ही साथ उन्होंने राजस्थान के सांसद को फोन के माध्यम इनके रुकने की जानकारी

दी एवं उनका हालचाल भी बताया की वे सुरक्षित हैं इनकी चिंता करने की कोई जरुरत नहीं हैं इनको सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा हैं। साथ ही मासुलपानी में ठहरे बिहार के लोगों का भी हालचाल जाना। एवं उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इनको कोई भी सामग्री की कमी ना हों हर सुविधा इनको उपलब्ध कराने की बात कही। डॉक्टरों को इनके स्वास्थ्य की प्रतिदिन परीक्षण करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष भोपेश नेताम, पार्षद आशाराम जुर्री, मुकेश संचेती, मन्नुराम साहू, एवं तहसीलदार आशा मौर्य, सहायक सीईओ श्री देवांगन, सीएमओ श्यामलाल पाण्डेल, वन परीक्षेत्र अधिकारी कैलाश ठाकुर, बीएमओ डॉ प्रशांत सिंह, थाना प्रभारी शरद दुबे, उपअभियंता गोविंदा देवांगन, हल्का पटवारी मंजीत ठाकुर, योगेंद्र श्रीमाली, सहायक राजस्व निरीक्षक रामु यादव, व मदन मोहन शर्मा, हेमन्त साहू, देवेंद्र देवांगन अशोक साहू पप्पी संचेती, ,कैलाश पगारिया, किशोर पगारिया सहित अधिकारी कर्मचारी नगरवासी उपस्थित रहे।

पानी की तलाश में भटककर गांव पहुंचा वनभैंसा

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। पानी की तलाश में एक वन भैंसा भटककर गांव आ गया। जब गांव के लोग सुबह होने पर महुआ बीनने घर से बाहर निकले तो वन भैंसा को बैठा देखकर भागते हुए वापस घर लौटकर इसकी जानकारी परिजनों को दी। गांव में वन भैंसा आ जाने की खबर फैलते हुए वहां लोगों को हुजूम उमड़ पड़ा।

विकासखंड पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत कपोट के आश्रित मोहल्ला सोनारडीह में वन भैंसा घुसने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर वन भैंसा मोहल्ला को छोड़कर जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। गौरतलब है कि धीरे-धीरे गर्मी बढ़ रही है, जिससे नदी नाला सूखने लगे हैं। यही वजह है कि जंगली जानवर पानी की तलाश में रिहायशी क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। कपोट नवापारा के सूरज आयाम ने बताया कि वन भैंसा तड़के चार बजे बनबांधा सागौन जंगल की ओर से नवापारा पहुंचा था। उसके बाद वह सोनारडीह पहुंच गया, जहां एक ग्रामीण के बाड़ी में फंस गया था। गांव के शिवचरण यादव ने बताया सुबह करीब सात बजे जब लोगों ने शोर मचाया तो वन भैंसा करीब छह-सात फीट दीवार को लांघकर भाग गया। कुछ दिन पहले सोनारडीह का इंद्रपाल यादव जंगल में बकरी चराने गया था, तब उसने खेड़ीचुवा जंगल में छह-सात वन भैंसा के झुंड को विचरण करते देखा था। ग्रामीणों के अनुसार आज तक वन विभाग का अमला यहां पहुंचकर ग्रामीणों को सतर्क नहीं किया है। हालांकि वन विभाग के बीट गार्ड ने गांव में मुनादी कराने की बात कही है।

> सूचना मिलते ही मैं सोनारडीह गांव पहुंचा और गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी। आसपास के गांव में भी इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। ग्रामीणों से वन भैंसा देखे जाने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देने कहा गया है।
>
> **नंदलाल कश्यप,** बीट गार्ड

कोरोना के खिलाफ बचेली के लोगों ने पीएम मोदी की अपील पर जलाए उम्मीदों के दीप

■ कोरोना के खिलाफ दिखाई एकजुटता

बचेली। कोरोना वायरस की चुनौतियां और देश में लॉक डाउन के बीच प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर बचेली नगरवासियो ने आज रात 9:00 बजे अपने अपने घरों के बाहर बालकनी,आंगन में खड़े होकर अपने घरों की लाइटो को बंद रखा और किसी ने दीप जलाए तो किसी ने मोमबत्ती तो किसी ने मोबाईल की फ्लैश लाइट एवं टार्च जलाकर कोरोना वाइरस से लड़ाई में एकता का प्रदर्शन किया।

प्रकाश का यह नजारा देखकर ऐसा लग रहा था कि मानो जैसे आज रात दिवाली का महोत्सव हो समूचा नगर अद्भुत रौशनी से जगमगा रहा था। बचेली के हाईटेक कालोनी,सुभाष नगर, एफ्ओएच कालोनी ,बैंक कालोनी, सीडब्ल्यू एस कालोनी, शॉपिंग सेंटर, अपोलो कालोनी,रेलवे कॉलोनी, पुराना मार्केट, लेबर हार्ट, बंगाली कैम्प, सिम्प्लेक्स नाला बंगाली कैम्प सहित आरईएस कालोनी, अंधेरी चौक, रेती पारा, डेम रोड़, लगभग बचेली के 18 वार्डो में दीपावली सा नजारा था इस बीच कही कही आतिशबाजी भी देखने को मिली। इस क्षण लोगों में एक ऐसा उत्साह नजर आ रहा था कि कहीं पर लोग शंख फूंक रहे थे तो कहीं एक साथ दीए लेकर 9 मिनट तक खड़े रहे। कोरोना के खिलाफ इस नजारे को देखकर ऐसा लगा रहा था कि बचेली नगर के लोग बिल्कुल एकजुट होकर मजबूती से एक होकर देश के साथ खड़े है। आपको बता दें कि इससे पूर्व 22 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर जनता कर्फ्यू के दिन शाम को 5:00 बजे लोगों ने कोरोना से लड़ रहे फाइटर्स का हौसला बढ़ाने के लिए 5 मिनट तक अपने अपने घरों में थाली घंटी शंख तालियां बजाई थी।

संकट की घड़ी में सरकार हर तबके के साथ : कमरो

बैकुंठपुर। सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर जहां शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं करोना संकट की घड़ी में जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित कर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत प्रदान करने मध्यान्ह भोजन, एनेमिया एवं कुपोषण के लिए राशन वितरण सुनिश्चित करने विधानसभा क्षेत्रांतर्गत

ग्राम पंचायत घुटरा, पेंड्री, डिहुली, बिरौरीडांड़, रोझी, डुगला, मनवारी, केल्हारी क्षेत्र के साथ ही नागपुर, महाराजपुर, सेमरा एवं हर्रा स्थित उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया। साथ ही मास्क और सेनेटाइजर वितरित कर कोरोना से बचाव हेतु ग्रामीण जनों को जानकारी देकर लॉक डाउन का पालन करने की अपील की वही विधायक द्वारा ग्राम केराबहरा, डिहुली, सेमरा एवं नागपुर में स्वेच्छानुदान निधि से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता के चेक बांटे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को भरण-पोषण, इलाज और जरूरी आवश्यकता की पूर्ति के लिए यह सहायता दी गई है।

घर मे घुसा नाग सर्प सुरक्षित निकाल जंगल में छोड़ा गया

काँकेर। मंगलवार को शहर के महादेव वार्ड स्थित मोहम्मद मज़हर हुसैन के घर मे सुबह 11 बजे के आसपास नाग सर्प घर मे घुस गया ।जिसके चलते घर मे महिलाओं के शोर मचाने के बाद आसपास के लोग व घर के लोग पहुचे। सर्प की जानकारी मिलते ही घर वालो ने वार्ड के हो एक युवक जो जंगलवार में पदस्थ जवान विक्की परिहार को जानकारी दिया गया ।जिसके बाद कुछ ही देर में जंगलवार के जवान ने घर मे घुसकर नाग सर्प के बच्चे को सुरक्षित निकालकर जँगल में छोड़ दिया गया ।सर्प के निकलने के बाद लोगो ने राहत की सांस ली।

भाजपा ने मनाया 40वां स्थापना दिवस

कांकेर। आज कमल सदन कांकेर में भाजपा का 40 वा स्थापना दिवस मनाया गया । देश मे कोरोना संकट के कारण उत्पन्न लॉक डाउन को देखते हुए भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा पहले ही भाजपा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को घर मे ही रहकर भाजपा का स्थापना दिवस मनाने का निर्देश जारी किया गया था । कमल सदन कांकेर में भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू ने सादगी से भाजपा का झंडा फहरा कर व भारत माता, भाजपा के पितृ पुरुष पँ दिन दयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व अटल बिहारी बाजपेयी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया । उपस्थित सभी लोगो ने एक दूसरे को भाजपा स्थापना दिवस की बधाई दी । इस अवसर पर जिला महामंत्री विजय कुमार मण्डावी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, राजा देवनानी व वीरेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे ।

कांग्रेस एल्डरमेन ने तोड़ा आइसोलेशन का नियम

■ मामला दर्ज , 30 मार्च को जुआ के फड़ से हुई थी गिरफ्तारी

काँकेर। बीते दिनों जुआ के फड़ में पकड़ाए आइसोलेटेड कांग्रेस के एल्डरमैन मुनीर अहमद बबलू टैंकर जिनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया था।सफेदपोशों के दबाव में आकर पुलिस एल्डरमैन के खिलाफ आइसोलेशन के बावजूद बिना वजह शहर व जुआ में पकड़ाए जाने के बाद भी बाकी तीन लोगों के खिलाफ आइसोलेशन की धारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद दर्ज़ किया गया था ।लेकिन एल्डरमैन के खिलाफ महज जुआ एक्ट की धारा जोड़कर आइसोलेशन की धारा नही जोड़ी गई थी।अंततः भारी दबाव के बाद इस कांग्रेस नेता व पालिका में एल्डरमेन मुनीर अहमद बबलू के खिलाफ पुलिस ने 6 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया ।

आइसोलेटेड़ थे फड़ में पकड़ाए जुआड़ी

30 मार्च 2020 को बाहर राज्यों के अन्य शहरों से घूमकर काँकेर शहर पहुचे थे।जिसके बाद प्रशासन ने इन सभी को कोरोना की त्रासदी को देखते होम आइसोलेटेड किया गया था।जिसमे आइसोलेशन व्यक्ति को कड़ी निगरानी में रखकर घर से बाहर नही निकलना होता है।ताकि किसी भी प्रकार का संक्रमण किसी अन्य व्यक्ति को ना पहुंचे।लेकिन शासन के निर्देश के पालन को धता बताकर जुआ के फड़ से गिरफ्तार किया गया ।इसके बाद बिना जानकारी के उक्त व्यक्तियो के खिलाफ जुआ एक्ट की कार्यवाही करते आइसोलेशन की कार्यवाही नही किया गया था।मीडिया में खबर लगने के बाद मामले ने तूल पकड़ा जिसके बाद पुलिस ने मुनीर अहमद के खिलाफ आइसोलेशन की धारा जोड़कर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पीएचसी की लापरवाही के चलते प्रसूता की हुई मौत

कोंडागॉव। रविवार देर शाम जिला अस्पताल में इलाज के दौरान एक प्रसूता की जान चली गई ।जानकारी अनुसार सरगीपाल पारा निवासी प्रसूता छबीला ठाकुर 31वर्षिय को प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंडागाँव में लाया गया था।जहाँ डॉ आर के सिंह द्वारा प्रशव करवाया गया। प्रसवकाल के दौरान महिला ने स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया, जिसके बाद प्रसव उपरांत महिला को अत्यधिक रक्त स्त्राव होने लगा जिसके कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो गयी, जिसे शाम 6 :55 बजे जिला अस्पताल के मातृत्व एवं शिशु अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जंहा उसकी गंभीर स्थिती को देखते, रक्त संधारण किये जाने आवश्यक जीवन रक्षक औषधि लगाने के उपरांत भी उसकी स्थिति में सुधार नही हुआ ।इस दौरान रात्रि 8:20 बजे महिला के मौत हो गयी।वहीं नवजात शिशु गहन शिशु चिकित्सा विभाग में भर्ती है,जिसकी स्थिति सामान्य है।

गर्भवती जांच में ही हाई रिस्क प्रेग्नेंसी बताया था डॉक्टर ने, बावजूद,जोखिम उठाया पीएचसी ने: मिली जानकारी अनुसार मरीज की गर्भवती जांच नगर के ही नेताम हॉस्पिटल में चल रहा था, जंहा मरीज को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी बताया गया था। जिसके चलते प्रसव प्रसूति रोग विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाना था, परंतु प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जोखिम लिया गया।

कबाड़ के जुगाड़ से छात्र ने बनाया, सेनेटाइजर टनल

कोंडागांव। वैश्विक बीमारी से बचने के लिए लाखो रुपये खर्च किये जा रहे है,जिसका सबसे आसान उपचार है लोगो से दूरियां बनाकर व अपने आप को सेनेटाइज रख कर, अपने आप को सुरक्षित रखना। जिले के एक दसवीं कक्षा के छात्र ने कबाड़ से जुगाड़ कर अपने घर के गेट पर सेनेटाइजर टनल बनाया है। कोरोना वायरस से बचने के लिए सेनेटाइज करने की बात कही जा रही है। दूसरे प्रदेश में जिस तरह से कोरोना से लगातार मौत हो रही है लोगो के बीमार होने का आंकड़ा सामने आ रहा है इसे देख ते हुए सरगीपाल निवासी आयुष श्रीवास्तव ने अपने घर और आम लोगो को राहत और सेनेटाइजर सुविधा देने के लिए घर मे पड़े कबाड़ और प्लास्टिक पाईप के जरिये सेनेटाइजर टनल बनाया है। साथ ही घर के गेट के सामने एक पोस्टर लगा कर लोगो से सात सेकेंड टनल में खड़े रहकर सेनेटाइज होने का अनुरोध किया है।

विधायक मोहन ने जिला प्रशासन को चेताया, कहा कागजी कार्यवाही छोड़ उतरें फिल्ड पर

कोण्डागांव। कोरोना को लेकर जिले में चल रही तैयारियों से क्षेत्रीय विधायक व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम काफी नाराज दिखे। उन्होने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हुए कोर कमेटी की बैठक में ही अधिकारियों पर जमकर बरशें।उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि, यहाँ केवल कागजी कार्यवाही करते हुए समीक्षा कर रहे है,जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है।

शनिवार 4 अप्रेल की समीक्षा बैठक में पीसीसी चिफ़ सह विधायक मोहन मरकाम जिला प्रशासन के खाद्य विभाग के कार्य प्राणली व स्वास्थ्य विभाग के कार्य पर असंतोष जाहिर करते अधिकारियों की क्लास लेते नजर आए।

विधायक के नाराजगी का कारण माकड़ी क्षेत्र के अव्यवस्था व सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कामकाज को लेकर दिखा।जहाँ मोहन मरकाम अलसुबह ही क्षेत्र के दौरे पर पहुंच लोगों से मिल शासकीय व्यावथाओ का हालचाल जानने पहुंचे थे।जहाँ अस्पतालों से चिकित्सक नदारद मिले,वहीं

माकड़ी, तोरेंगा,हिरावंडी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन दुकानों पर ताला जड़ा देख विधायक नाराज दिखे।

सावधानी गरीब परिवारों के महिलाओं या पुरुषों को दाल, आलू , तेल, प्याज और चवांल, मास्क अपने हाथों से वितरण किया

नव निर्वाचित सरपंच ने राशन कार्ड धारियों को दिया मास्क फिर किया राशन समाग्री वितरण

नवप्रदेश सवांददाता

बीजापुर। जिले के उसूर ब्लाक ग्राम पंचायत पुजारी कांकेर के नवनिर्वाचित सरपंच शोभारानी मज्जी ने कोरोना वायरस संक्रमण (कोविड -19) से बचने के लिए लोगों को शासन - प्रशासन के द्वारा दिए गए निर्देशों को अपने क्षेत्र में सरपंच शोभारानी मज्जी एवं पंचायत सचिव अंबालिका ठाकुर के सहयोग से लोगों तक जानकारी दे रहे है। वहीं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए अपने कर्तव्य इस तरह निभा रहे हैं। वे स्वयं राशन वितरण के उचित मूल्य दुकान में उपस्थित रहकर पिछ्ले दो - तीन दिनों से राशन कार्ड धारी राशन लेने आने वाले गरीब परिवार के महिलाओं या

पुरुषों को दाल, आलू , तेल, प्याज और चवांल एवं मास्क अपने हाथों से वितरण किया। मास्क वितरण कर इस मास्क का उपयोग क्यों करना चाहिए लोगों को इसकी जानकारी देते जागरूकता लाने के लिए बता रहे हैं। वहीं राशन दुकान में आने वाले सभी हितग्राहियों को पहले एक - एक मीटर की दूरी में खड़े होने की हिदायत भी दी जा रही है। क्षेत्र में इन्हीं लोगों के माध्यम से और लोगों को अपने घरों के अंदर रहकर सुरक्षित रहने और जागरूक करने जैसे बातें इन्होंने लोगों को बताया। प्रशासन को इसी बात का सबूत या कार्यप्रणाली से दिखता है। प्रत्येक व्यक्ति को मदद करने की कोशिश किया जा रहा है पंचायत की ओर से वही बाहर से आने वाले लोगों पर पहली नजर बना के रखे हैं। उस दौरान गांव से आये हितग्राही एवं शेल्समेन के.जगपती, पंचायत के सरपंच सचिव आदि उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

विदेश से लौटे 14 लोगों के सेंपल की रिपोर्ट भी निगेटिव

महासमुंद। जिले से 14 नए विदेश यात्रियों के सेंपल जांच रिपोर्ट आ गई है। अच्छी खबर है कि सभी के रिपोर्ट निगेटिव आई है। रविवार शाम को ही इनकी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को मिली। कोरोना नोडल अधिकारी डॉ अनिरूद्ध कसार ने बताया कि सभी की रिपोर्ट निगेटिव मिले हैं। जिले से अब तक कुल 30 लोगों के सेंपल जांच के लिए भेज गए थे जिनमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है। हालांकि विभाग ने सभी को होम आइसोलेशन में रहने की हिदायत दी है। अब तक जिले में विदेश यात्रा कर कुल 47 लोग लौटे हैं जिनमें से 30 लोगों की सेंपल जांच के लिए भेजी जा चुकी है। शनिवार को इनकी रिपोर्ट जांच के लिए एम्स भेजी गई थी। स्वास्थ्य विभाग को जैसे जानकारी मिली वैसे ही विभाग ने टीम भेजा था। इसमें जिन लोगों में कोरोना संबंधी लक्षण दिखाई दिए उनका सेंपल लेकर शनिवार को ही जांच के एम्स भेजा दिया था। बता दें कि जिले में कोरोना संक्रमित एक मरीज नहीं मिले हैं।

जनपद सभापति ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में सहयोग की अपील

राजनांदगांव। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने सभी जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण, क्षेत्र के सभी सम्मानीय व्यक्ति से अपील किये है कि कोरोना वायरस जनित महामारी कोविड-19 के प्रकोप से बचने पूरे देश में ऐतिहातन कदम उठाए गए हैं। आप सभी सजग रहकर सरकार के निर्देशों का पालन करें। राज्य सरकार सहायता कोष के माध्यम से इनके सहयोग हेतु पहल कर रहे हैं। श्री साहू ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील किये है कि सभी सरकार के सहायता कोष में स्वेच्छा से जो भी रूपये अंशदान जमा कर देश, राज्य एवं मानव समाज के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दें।

शहर मे घुसा तेंदुआ पालतू जानवर का किया शिकार

नगरी। घटना 4 अप्रेल के दरम्यानी रात करीब 2 बजे की है। विजय झरिया नप नगरी के वीरनारायण सिंह वार्ड 1 के रहवासी है। जिन्होंने एक लेब्राडोर डॉग पाल रखा था। शनिवार की रात तेंदुआ ने दीवाल फादकर अपना शिकार बना लिया। डॉगी की क्षत विक्षत लाश घर से करीब आधा किमी की दूरी पर खेत मे झड़ियों के बीच मिली है। जिससे कालोनी वालो में दहशत का माहौल बना हुआ हैं। तेंदुए के पंजे के निशान दीवाल पर स्पस्ट दिखाई पड़ रहे है जिसकी पुष्टि वन अमले ने भी कर दी है। कालोनी के लोगो का यह भी मानना है कि दूसरे दिन भी रात को तेंदुआ कालोनी में पहुचा जिसके पंजे के निशान लोगो ने देखा और ये पुख्ता तब हो गया जब लोग पंजे की निशान को देखते रोजा के शव के पास पहुचे तो उसका शव पहले जगह पर न होकर उस स्थान से करीब 20 मीटर दूर पर मिला जिसे जानवर द्वारा घसीटा गया था। अब लोगो मे और ज्यादा दहशत बढ़ गई हैं। लोग तेंदुए को पकड़ने की मांग वन विभाग से कर रहे है।

भाटापारा की लाइफ लाइन कृषि उपज मण्डी चालू

प्रशासन के दिशा निर्देशों का हुआ पालन

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे के बीच करीब एक पखवाडे बाद भाटापारा कृषि उपज मण्डी में 7 अप्रैल से कामकाज शुरू हो गया बेहद सावधानी और सुरक्षा उपाय के साथ खरीदी बिक्री की मात्रा तय किये जाने के बाद जब मंडी प्रशासन के पूरी तरह आश्वस्त हो जाने के बाद शुरू हुई नई व्यवस्था से किसानो को बडी राहत मिलेगी खासकर भाटापारा मंडी क्षेत्रातर्गत लगे रायपुर, मुंगेली, बिलासपुर,बेमेतरा दुर्ग एवं जांजगीर चांपा के किसानों को जो दहलन तिलहन और गेहूं की खेती करते है । प्रदेश की प्रमुख मंडीयो की श्रेणी में आने वाले भाटापारा मंडी में करीब एक पखवाडे बाद कामकाज प्रारंभ हो गया । राज्य सरकार के फैसले के बाद सब्जी उत्पादक किसानो को पहली राहत मिल चुकी है । अब बारी थी धान ,दलहन ,तिलहन और गेहूं उत्पादक किसानों की अर्थ संकट का सामना करते प्रदेश के किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए कृषि उपज मंडीयों को फिर से चाले करने का फैसला लिया था अब इस पर अमल किया जाना चालू हो चुका है । शुरूआत भाटापारा कृषि उपज मंडी से 7 अप्रैल से शुरू कर दी गई है । इससे बलौदाबाजार भाटापारा जिले सहित अन्य जिलो के किसानो ने राहत की सांस ली है।

सीमा के भीतर होगें काम

नई व्यवस्था के बाद प्रत्येक मंडी अभिकर्ता को दलहन तिलहन और धान को मात्रा नौ से दस ढेरियों में ही नीलामी की अनुमति होगी इससे धान की मात्रा 50 बोरो से ज्यादा नही रखने की व्यवस्था की गई है । इसी तरह पोहा मिलर्स की संख्या ज्यादा होने से एक एक समूह तय कर दिया गया है याने पहले समूह के बाद दूसरे दिन दूसरे समूह को खरीदी की ही अनुमति होगी यह काम एक चक्र में पूरा होगा ताकि हर पोहा मिल खरीदी कर सकें बारीक धान से चांवल उत्पादन करने वाली मिलो की संख्या बेहद कम है इसलिये ये रोजाना खरीदी कर सकेगी दलहन तिलहन में यह नियम समान रूप से प्रभावी होगा।

मंडी में आवक 1900 बोरा का आवक रहा

मंडी प्रांगण में लॉकडाउन के पूर्व किसानो व्दारा लाये कृषि उपजो को नई व्यवस्था के तहत आज विपणन कार्य किया गया जिसमें मोटा महामाया धान 1300 बोरा ,सरना व मोटा रगजा की आवक 250 बोरा ,पतला सुंगधित धान की आवक 350 बोरा तथा उन्हारी 75 बोरा की आवक रही इस प्रकार कुल आवक 1975 बोरा का रहा ,जिसमें महामाया धान 1621 से 1851 , सरना 1370 से 1433 , मोटा मिक्स 1151 से 1365 ,पतला धान में एचएमटी 2251 ,श्रीराम 1900से 2251 का भाव रहा ,उन्हारी में चना 3400 रू.,तिवडा 3220से 3595 एवं धनिया 5225 रू का भाव रहा।

हर हाथ को ऐसे मिलेगा काम

कृषि उपज मंडी में संचालन की धुरी कहे जाने वाले हर मजदूर चाहे महिला हो या पुरूष की संख्या भी अच्छी खांसी है लिहाजा इन्हे भी चक्रवार नियमो के तहत काम दिये जायेगें याने नियमो के पालन के अनुसार मजदूरो की संख्या के हिसाब से उन्हे बराबर हिस्सो में काम के अवसर मिलेगे याने एक समूह के बाद दूसरे समूह को काम दिया जायेगा यही नियम बोरा कटाई सिलाई और लोडिंग क्षेत्र में भी लागू होगा तौल करने वाले तौलैयो के लिये भी इस नियम का पालन किया जाना तय कर दिया गया है।

नीलाम पश्चात तत्काल तौल व भुगतान की व्यवस्था

मंडी प्रशासन ने क्रेता व्यापारियो व अभिकर्ताओं को सख्त निर्देश दिये गये है कि नीलामी के बाद ,तत्काल बारदाने की व्यवस्था करें जिससे समय पर तौल कार्य पूर्ण होने के बाद कृषको को भुगतान की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें । वर्तमान में कृषको को भुगतान उनके खाते में सीधे आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है कुछ आंशिक भुगतान नगद व चेक के माध्यम से भी किया जा रहा है ।

संक्रमण से बचने की पक्की व्यवस्था

कोरोना वायरस से बचाव के लिये जारी एडवाइजरी के पालन में कही कोई गलती ना हो जाये इसकी पक्की व्यवस्था मंडी प्रशासन ने की है, सभी मंडी कृत्यकारियों व्यापारी ,अभिकर्ता किसानो, वाहन चालको तौलको, श्रमिक वर्गो आदि को सोशल डिस्टेस के लिये हर 5 मिनट के अंतराल में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रसारण की जा रही है कि सभी मास्क या गमछे मुंह में लगाकर रखे साथ ही सैनेटाईजर का उपयोग करें ।मंडी कर्मचारी का एक समूह इस नियम का पालन करने और करवाने के लिये लगातार मानिटरिंग एवं प्रचार प्रसार कर रहा है । मंडी सचिव डी के सिंह इस काम की जिम्मेदारी स्वयं संभाल हुये है ।

जरूरी सीमायें तय

इस संबंध में मंडी सचिव डी के सिंह का कहना है- नोवल कोरोना वायरस ,कोविद -19 से बचाव के लिये प्रबंध संचालक छग राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड रायपुर व्दारा जारी दिशा निर्देशो को ध्यान मे रखते हुये सभी के लिये जरूरी सीमायें तय कर दी गई है, इस व्यवस्था के तहत मंडी का संचालन होगा।

सांसद साहू ने अन्य राज्यों में फंसे छग के लोगों की मदद के लिए किया प्रयास

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। बाद महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि उन्होंने केरल, झारखंड, राजस्थान, ओडिशा व तिरुपति में छत्तीसगढ़ के बच्चों व मजदूरों के फंसे होने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने इनकी व्यवस्था के लिए पहल की गई। इसके लिए साहू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से संपर्क किया। इसके बाद इन लोगों के लिए ठहरने से लेकर दैनिक इस्तेमाल की वस्तुओं का इंतजाम किया गया है। सांसद चुन्नीलाल साहू के अनुसार महासमुंद नांदगांव के 26 ग्रामीण तिरुपति दर्शन के लिए गए हैं और लॉकडाउन के चलते फंस गए। इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने अपने सहयोगी से संपर्क कर फंसे लोगों के लिए ठहरने और जरूरत अनुसार दैनिक वस्तुओं की व्यवस्था कराई। वापस लौटने की अनुमति नहीं मिलने की स्थिति में किराए का वाहन करा ओडिशा के नुवापडा खरियार के टेमरी गांव पर रुकने की व्यवस्था कराई गई।

राजस्थान के कोटा में कोचिंग करने गए हैं छात्र

इसी तरह राजस्थान कोटा में कोचिंग कर रहे राज्य के बच्चे को किसी प्रकार की सुविधाओं का सामना ना करना पड़े इसके लिए सांसद चुन्नीलाल साहू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह कर बच्चों की जानकारी रखते संरक्षण देने की मदद मांगी जिसके बाद स्पीकर ने कोचिंग कर रहे बच्चों का हाल-चाल जाना और जरूरत अनुसार सामग्री उपलब्ध करने का भरोसा दिया।

फंसे मजदूरों के लिए की ये व्यवस्था

तरह ओडिशा, केरल में फंसे करीब 27 मजदूरों के पास खाने-पीने अभाव के अलावा ठहरने की दिक्कत होने की जानकारी परिजनों द्वारा दिए जाने के बाद साहू ने बिना देर किए बसना से उड़ीसा बरगढ़ में फंसे 15 मजदूरों के लिए राशन का इंतजाम करने के साथ पदमपुर के पूर्व विधायक से संरक्षण देने के लिए कहा । सांसद ने कहा कि राज्य के लोग जहां कहीं भी फंसे हो उनकी जवाबदेही हमारी पहली प्राथमिकता है। इस ओर लगातार प्रयास किया जा रहा है।

विधायक छन्नी साहू ने मजदूरों को किया फल वितरण

■ चिरचारी डिपो पहुंचकर मजदूरों को हाल चाल जाना

नव प्रदेश संवाददाता

छुरिया। खुज्जी विधान सभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने चिरचारी वन डिपो में लॉक डाउन की वजह से ठहरे लगभग 650 मजदूरों को फल वितरण किया। फल वितरण में सोशल डिस्टेंटिग का पालन करते हुये पुलिस प्रशासन, वन अधिकारी, राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों के सहयोग से किया गया। यह बताना लाजमी होगा कि विधायक श्रीमती छन्नी साहू का आज जन्मदिन था, लेकिन उन्होंने ज्न्मदिन के अवसर पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं किया, लेकिन चिरचारी डिपो पहुंचकर वहां ठहरे मजदूरों को संतरा, तरबुज, केला का वितरण कर मजदूरों का हाल चाल जाना। उन्होंने मजदूरों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि हम सबको शासन-प्रशासन के नियमों का पालन करते रहना है और सब का फर्ज है कि मजदूरों व गरीब परिवार, पड़ोसी का हर संभव मदद कर भुपेश बघेल द्वारा गरीब पीड़ित लोगों को मदद करने का जो अभियान चलाया है, उसे सफल करते हुये कोरोना वायरस की लड़ाई में अपना योगदान देना है। साथ ही खुज्जी विधायक के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत छुरिया वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद राधे ठाकुर द्वारा मॉक्स वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि सिद्दीक मेमन, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चुम्मन साहू, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जसीम कुरैशी, नगर अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी, महामंत्री रितेश जैन, जनपद सदस्य विपिन यादव, कांग्रेस नेता चंदू साहू, पार्षदगण राधेश्याम ठाकुर, मनोज यादव, लक्ष्मी यादव सहित मनोज सिन्हा सरपंच धर्मेन्द्र साहू, ललित साहू, शिखर अग्रवाल, विनोद यादव, मुज्जमिल खान, सोनू कसेर, एकनाथ सिन्हा, विजय साहू आदि उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि विधायक श्रीमती छन्नी साहू विधायक प्रतिनिधि सिद्दीक मेमन विपिन यादव, चंदू साहू ग्राम तेंदूटोला पहुंचकर मरिंटीन किये गये ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल चाल पूछा व ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच से रहने खाने के इंतजाम की चर्चा कर नागरिकों को हर संभव मदद करने की अपील की।

जिला व पुलिस प्रशासन का अमला जब निकला मार्च पर तो बरसने लगे फुल

कलेक्टर ने लोगों से और एहतियात बरतने की अपील की

नव प्रदेश संवाददाता

धमतरी। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि धमतरी सुरक्षित रह सके।लॉक डाउन के बावजूद शहर के कुछ गली मोहल्ले में लोग झुंड बना कर बैठे हुए रहते है। जहां पुलिस की बाइक पेट्रोलिंग पार्टी लगातार पहुंचकर समझाइश भी देती है।रविवार की शाम कलेक्टर रजत बंसल, एसपी बीपी राजभानु,अपर कलेक्टर दिलीपअग्रवाल खुली जीप में और जिला पंचायत सीईओ नम्रता गांधी,एडिशनल एसपी मनीषा ठाकुर दोपहिया वाहन में भारी पुलिस बल गाड़ी व बाइक से शहर में मार्च निकाला। जो मकई चौक से शुरू होकर विंध्यवासिनी मंदिर होते हुए आमा तलाब रोड रिसाई पारा एवं अन्य मुख्य मार्गो से होकर वापस मकई चौक पहुंची।

सदर बाजार मार्ग में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने फूल से उनका स्वागत किया और पुलिस, जिला प्रशासन के द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की।मार्च के दौरान वार्डो में झुंड लगाकर बैठे लोगों को घर जाने हिदायत देकर कोरोना से लड़ने सहयोग की अपील करते हुए अपने साथ सबकी सुरक्षा करने अपील की गई।

खाद्य सामग्री अधिक मूल्य पर विक्रय करने वाले दुकानदारों पर की गई कार्रवाई

जुर्माने की राशि 7800 रूपए वसूला गया

धमतरी। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपायों का पालन कराने जिले में दल गठित किया गया है। इस दल द्वारा जिले में संचालित किराना दुकानों में आवश्यक वस्तु का मूल्य नियंत्रण, मुनाफाखोरी को रोकने इत्यादि के लिए औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत क्षेत्र धमतरी के कृष्णा किराना स्टोर्स भटगांव, पूर्वा किराना सोरम, देवांगन किराना स्टोर्स रूद्री और चन्द्रकांत डेली नीड्स रूद्री का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त किराना दुकानों में आलू, प्याज, दाल, शक्कर एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री का अधिक मूल्य पर विक्रय किए जाने की वजह से खाद्य औषधि प्रसाधन विभाग द्वारा प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा 7800 रूपए जुर्माना राशि वसूली गई।

बेमेतरा विधायक को स्वर्णकार (सोनी) समाज बेरला ने सौंपा सहयोग राशि का चेक

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा/साजा। अन्य समाजो के साथ ही स्वर्णकार (सोनी) समाज बेरला के द्वारा बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा कोरोना वायरस को बेमेतरा में रोकने हेतु किये जा रहे प्रयासों पर अपना योगदान देते हुए विधायक आशीष छाबड़ा को जिला कोषालय हेतु स्वर्णकार (सोनी) समाज बेरला की ओर से 11 हजार रुपये का चेक सौपा गया।

इस अवसर पर टिकेंद्र सोनी, कन्हैया सोनी, ध्रुव सोनी, हुलाजी सोनी,हीरालाल सोनी, रुद्र सोनी, राकेश सोनी, भूपेन्द्र सोनी, रमेश सोनी, प्रह्लाद सोनी, जगदीश सोनी, रिखी सोनी, बलदाऊ सोनी, सूर्यप्रकाश सोनी, डेहरा सोनी, माधो सोनी, रवि सोनी, सूरज सोनी, कमलेश सोनी, श्याम सोनी उपस्तिथ रहे। वही बेमेतरा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अम्बा लाल शर्मा की ओर से मुख्यमंत्री सहायता राशि कोष हेतू बेमेतरा विधायक श्री छाबड़ा को 11 हजार रुपये का चेक सौपा गया।

645 पाव शराब के साथ 2 गिरफ्तार

भाटापारा (नव प्रदेश)। सुहेला मार्ग स्थित जमनैया नाला मुक्तिधाम के पास से ग्रामीण थाना प्रभारी आई पी एस अंकिता शर्मा को 645 पाव शराब के साथ 2 लीगों को पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की है। जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के विशेष निर्देश के पालन में लक डाउन में किसी भी प्रकार की संक्रमक बीमारी को रोकथाम के लिए ग्रामीण पुलिस थाना प्रभारी अंकिता शर्मा के के निर्देश पर पेट्रोलिंग पार्टी सुहेला रोड स्थित ग्राम डिग्गी की गस्त में थी,इस दौरान बीती रात लगभग 1 बजे के आसपास जमनैया नाला मुकितधम के समीप एक युवक सन्दीप कुमार अनन्त ग्राम सिनोधा सीमेंट की 13 बोरियो में भर कर रखी शराब के साथ वहा बैठा हुआ था पुलिस ने उसके समीप जा कर पूछताछ करी तो उसने शराब छुपा कर रखने की बात बताई। पेट्रोलिंग पार्टी की सुचना पर मौके पर अंकिता शर्मा अपने स्टाफके साथ रात में उक्त स्थल पर पहुँच के एस पी प्रशांत ठाकुर को अवगत कराया और उनके निर्देशन पर पुलिस ने उक्त युवक के बताये अनुसार दूसरे युवक दारा सिंह अनन्त को उसके घर डिग्गी से अल सुबह गिरफ्तार किया गया।